दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 192 जयपुर, शुक्रवार, 21 जून, 2024 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष- चतुर्दशी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00




अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज



विश्व योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

## मौसम अपडेट

### जयपुर सहित प्रदेश के 10 शहरों में हुई बरसात... तपनभरी गर्मी और हीटवेव से मिली राहत

# लुकाछिपी के बाद बरसे बदरा



### श्रीगंगानगर में सबसे ज्यादा एक इंच हुई बारिश

### उदयपुर-कोटा संभाग से होगी मानसून की एंट्री

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि फिलहाल पूर्वी राजस्थान में प्री मानसून नहीं आया है। गुरुवार के साथ आगामी दिनों में होने वाली बारिश पश्चिम विक्षोभ और मानसून की नमी के मिलने से हुई है। पूर्वोत्तर भारत से मानसून आगे बढ़ने लगा है। इससे प्रदेश के वातावरण में नमी बढ़ने लगी है। यह अच्छा संकेत है। प्री मानसूनी गतिविधियां 24 जून से पूर्वी राजस्थान में देखने को मिलेगी। 26 से 28 जून के बीच राजस्थान में उदयपुर-कोटा संभाग से मानसून का प्रवेश हो सकता है। जून के अंतिम सप्ताह में प्रदेश में अच्छी बारिश होने की संभावना है।

बेधड़क | जयपुर

दक्षिण के बाद अब पूर्वी राजस्थान में प्री मानसूनी गतिविधियां असर देखने को मिला है। जयपुर सहित करीब दस शहरों में गुरुवार को बारिश दर्ज की गई। आंधी-बारिश की गतिविधियां बढ़ने से प्रदेश के पारे में गिरावट दर्ज की गई। श्रीगंगानगर में सबसे ज्यादा एक इंच बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार श्रीगंगानगर के अलावा जयपुर, सीकर, चूरू, चित्तौड़गढ़, बारां, संगरियां, करौली सहित कुछ अन्य स्थानों पर आंधी के साथ बरसात हुई। सीकर में 18, जयपुर में 17.6 और चित्तौड़गढ़ में 10.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बरसात होने से जयपुर के दिन के पारे में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम तापमान 32.6 डिग्री दर्ज किया गया।

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बीकानेर, जयपुर, भरतपुर व कोटा संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन, आंधी और कहीं-कहीं हल्की-मध्यम बारिश दर्ज की गई। पूर्वी राजस्थान के उदयपुर, कोटा संभाग के कुछ भागों में 24 जून से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान के उदयपुर, कोटा, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में 23-24 जून से तथा जयपुर संभाग के कुछ भागों में 25-26 जून से आंधी बारिश होने की संभावना है।

#### जयपुर में आधा इंच बरसात... पारा गिरा

जयपुर में गुरुवार को आंधी के साथ तेज बारिश हुई। जयपुर में सुबह हल्के बादल नजर आए। 11 बजे अचानक मौसम बदला और काले घने बादल छाने के साथ तेज हवाएं चलने लगी। पौने बारह बजे से शहर के अलग-अलग हिस्से में बारिश का दौर शुरू हो गया जो कि शाम करीब पांच बजे तक चलता रहा। जयपुर में आधा इंच से ज्यादा बारिश हुई। इससे राजधानी के पारे में गिरावट दर्ज की गई। जयपुर के दिन के पारे में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम तापमान 32.6 डिग्री दर्ज किया गया।



फोटो: पंकज शर्मा

#### 26 जिलों में यलो अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के करीब 26 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दोसा, धौलपुर, डूंगरपुर, जयपुर, झालावाड़, झुंझुनू, करौली, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर, टोंक, उदयपुर, बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर जिले में मेघ गर्जन के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। बारिश के साथी 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है।

## जरूरी खबर

### भर्तृहरि को नियुक्त किया लोकसभा का प्रोटेम स्पीकर



**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा से भारतीय जनता पार्टी के सांसद भर्तृहरि महताब को लोकसभा का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। वे लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव तक लोकसभा के पीठासीन अधिकारी के कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि 7 बार सांसद रह चुके भर्तृहरि महताब को लोकसभा का अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्य प्रोटेम स्पीकर के समक्ष शपथ लेंगे। अध्यक्षों के एक पैनल द्वारा उनकी सहायता की जाएगी। उल्लेखनीय है कि संसद का आगामी सत्र 24 जून से शुरू होकर 3 जुलाई तक चलेगा।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस: SMS पर राज्य स्तरीय समारोह आज



**जयपुर**। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह शुक्रवार सुबह जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने गुरुवार को तैयारियों का अवलोकन किया। राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा की उपस्थिति में शुक्रवार सुबह छह बजे सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में योगाभ्यास का मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। निदेशक डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल एवं विधानसभा सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, प्रशासनिक अधिकारियों, मीडियाकर्मियों, विभिन्न स्वयंसेवी योग संस्थानों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। ■ पेज 2 भी देखें

## बजट पूर्व खेल प्रतिनिधियों संग मीटिंग में बोले मुख्यमंत्री

# 'खेलो इंडिया' की तर्ज पर होंगे 'खेलो राजस्थान यूथ गेम्स'

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि देश और प्रदेश का युवा ही नवाचार, प्रगति और सामाजिक परिवर्तन का इंजन है। इसे देखते हुए सरकार शिक्षा, व्यवसाय, रोजगार, खेल सहित हर क्षेत्र में युवाओं के सपनों को पूरा करने की दिशा में कार्य कर रही है।

सीएम गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में युवा एवं खेल विषय पर बजट पूर्व संवाद में खेल प्रतिभाओं, कोच, खेल संगठनों के प्रतिनिधियों, युवा एवं स्टार्टअप उद्यमियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा मेडल जीत कर आते हैं तो न केवल उनके परिवार का बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ता है। उन्होंने अभिभावकों का आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खेलकूद के लिए भी पर्याप्त अवसर और प्रोत्साहन दें।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रही है। इसे देखते हुए आने वाले समय में प्रदेश में खेल विश्वविद्यालय खोलने और जिला एवं संभाग स्तर पर आवश्यकतानुसार खेल सुविधाएं एवं खेल छात्रावास विकसित करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया गेम्स की तर्ज पर खेलो राजस्थान यूथ गेम्स का आयोजन करने पर भी राज्य सरकार विचार कर रही है।



**अभिनंदन...**

सीएम भजनलाल शर्मा का अभिनंदन एवं आभार व्यक्त करने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं मुख्यमंत्री निवास पहुंचीं। महिलाओं ने नारी सशक्तीकरण की दिशा में कार्य किए जाने पर सीएम का अभिनंदन किया। ■ पेज 5 भी देखें

### खेल और खिलाड़ियों के लिए प्रदेश में सकारात्मक वातावरण का निर्माण

उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय लोगों से बजट से जुड़े सुझाव लेकर सरकार के कामकाज की दिशा तय करने की अभिनव पहल की गई है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार प्रदेश में सहभागी सरकार के माध्यम से प्रभावी सुशासन सुनिश्चित किया जा रहा है। उद्योग, युवा एवं खेल मामलों के मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार का फोकस प्रदेश में खेलों से जुड़े अवसरंचना विकास पर है ताकि खिलाड़ियों को अंततराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। उद्योग, युवा एवं खेल मामलों के राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने कहा कि केंद्र सरकार की फिट इंडिया, खेलो इंडिया और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) जैसी योजनाओं से देश-प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों के लिए सकारात्मक वातावरण का निर्माण हुआ है।

### महिला प्रतिनिधियों और प्रतिभाशाली छात्रों से भी लिए सुझाव

बजट को लेकर अपने सुझाव देने आई महिलाओं, उद्यमियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी सीएम से सीधा संवाद किया। महिलाओं ने अपने सुझावों के साथ सरकार से आग्रह किया कि महिलाओं के अधिकारों की बात कर जो सुझाव लिए जा रहे हैं, वे कागजों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि धरातल पर दिखे। ये सुझाव धरातल पर दिखेंगे तभी महिला आत्मनिर्भरता भी बनेगी और वह सुरक्षित महसूस भी करेगी।

### महिला उद्यमियों के लिए अलग से हो सिंगल विंडो सिस्टम

संवाद के दौरान महिला प्रतिनिधियों ने कहा कि महिला उद्यमियों के लिए सिंगल महिला विंडोज स्थापित हो, जिसमें स्टाफ भी महिला हो, ताकि महिला उद्यमी सहज और आसानी से व्यापार कर सके। कई बार सिंगल विंडो पर पुरुष कर्मचारी और अधिकारी होते हैं, उनके व्यवहार के चलते महिला उद्यमी अपनी बात ठीक से नहीं समझा सकती है। इसके अलावा जो महिला उद्यमी अपना स्टार्टअप शुरू करना चाहती है, उन्हें विशेष योजना के जरिए रियायती दर पर लोन की व्यवस्था हो।

## NEET-NET विवाद पर प्रधान बोले...

# जांच के लिए बनेगी हाई लेवल कमेटी



भविष्य में पेपर लीक की घटनाएं रोकने के लिए सरकार करेगी व्यापक सुधार

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यूजीसी-नेट पेपर लीक मामले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए छात्रों को आश्वस्त किया कि सरकार छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार भविष्य में पेपर लीक की घटनाएं रोकने के लिए जल्द ही एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित करेगी जो एनटीए में व्यापक सुधार करेगी।

धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार एक उच्च स्तरीय समिति बनाने जा रही है। एनटीए, इसकी संरचना, कार्यप्रणाली, परीक्षा प्रक्रिया, पारदर्शिता और डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को और बेहतर बनाने के लिए उस उच्च स्तरीय समिति से सिफारिशें अपेक्षित होंगी। प्रधान ने खुलासा किया कि यूजीसी-नेट परीक्षा का पेपर डार्कनेट पर लीक हो गया था, जिसके कारण इसे रद्द कर दिया गया। उन्होंने कहा कि जैसे ही यह स्पष्ट हो गया कि डार्कनेट पर यूजीसी-नेट का प्रश्नपत्र यूजीसी-नेट के मूल प्रश्नपत्र से मेल खाता है, हमने परीक्षा रद्द करने का फैसला किया।

### दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने एक बार फिर छात्रों को विश्वास दिलाया है कि सरकार उनकी योग्यता को उचित सम्मान दिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। साथ ही उन्होंने वादा किया कि सरकार नीट परीक्षा में धांधली करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि एनटीए के किसी भी अधिकारी के दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रधान ने कहा कि नीट परीक्षा के संदर्भ में हम बिहार सरकार के संपर्क में हैं। हमें पटना से कुछ सूचनाएं मिल रही हैं। पुलिस जांच कर रही है और उनकी ओर से एक विस्तृत रिपोर्ट पेश की जाएगी। जानकारी मिलने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ■ पेज 5 भी देखें



### शराब घोटाला केस में केजरीवाल को मिली जमानत

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत मिल गई है। कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार केजरीवाल को गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए फैसला सुनाया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को 21 दिनों की अंतरिम जमानत दी थी। 2 जून को सरेंडर करके वह दोबारा तिहाड़ जेल गए थे। उन्होंने राउज एवेन्यू कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दायर की थी। स्पेशल जज न्याय बिंदु की अदालत ने एक लाख रुपए के निजी मुचलके पर उन्हें जमानत दी है।

ईडी ने कोर्ट से अपील की कि बेल बॉन्ड पर साइन करने के लिए 48 घंटे का समय दिया जाए ताकि आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती दी जा सके। जज ने कहा है कि आदेश पर कोई स्टे नहीं होगा। राउज एवेन्यू कोर्ट ने कहा कि एक लाख रुपए के मुचलके पर शुक्रवार को केजरीवाल तिहाड़ जेल से बाहर आ सकते हैं। दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाए गए थे। ईडी ने उन्हें इसमें आरोपी बनाया गया था और शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किया गया था।

## सीएम के प्रयास लाए रंग

# छत्तीसगढ़ में सील कोयला राजस्थान को मिलेगा वापस

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश बिजली संकट एक बड़ी समस्या है, इससे निपटने के लिए सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कोयले की कमी और बिजली के आपूर्ति में कमी की चिंता दूर करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सक्रियता दिखाई है। सीएम भजनलाल के सक्रिय प्रयासों से छत्तीसगढ़ में फंसा 4 लाख मीट्रिक टन (लगभग 100 रेक) कोयला अब राजस्थान को मिलेगा। इस कोयले से प्रदेश के पावर प्लांट्स में कोयले के भंडार बढ़ेंगे और आमजन को पर्याप्त बिजली उपलब्ध हो सकेगी।

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने छत्तीसगढ़ के कोरबा में आर्यन कोल बेनिफिकेशन इंडिया लिमिटेड (एसीबीईएल) को एसईसीएल की माइन से सूरतगढ़ और छबड़ा थर्मल पावर प्लांट के लिए कोयले के सप्लाई का 5 वर्ष के लिए आदेश दिया था, लेकिन जुलाई 2022 में छत्तीसगढ़ के राज्य कर (जीएसटी) विभाग, खनिज विभाग, राजस्व विभाग और पर्यावरण विभाग की संयुक्त कार्यवाही के कारण एसीबीईएल की वाशरीज को सील कर दिया गया। इससे राजस्थान का लगभग 4 लाख मीट्रिक टन कोयला वाशरीज में फंस गया।



### सीएम ने कोयला रिलीज करने का किया आग्रह

सीएम भजनलाल शर्मा ने इस प्रकरण का तुरंत संज्ञान लेते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं केंद्र सरकार से संपर्क किया और कोयले को रिलीज करने का आग्रह किया। सीएम के अथक प्रयासों से छत्तीसगढ़ सरकार ने कोल रिलीज करवाने में गंभीरता से त्वरित कार्यवाही की। हाल ही में जिला कलेक्टर कोरबा ने 4 लाख मीट्रिक टन कोयले को रिलीज करने का आदेश दिया। इस 4 लाख मीट्रिक टन कोयले से प्रदेश को लगभग 100 कोल रैक्स की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जिससे उत्पादन निगम के पावर प्लांट्स को कोयला भंडार बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### छत्तीसगढ़ की परसा कोल ब्लॉक से होता है आंवटित 40% कोयला

प्रदेश की इकाइयों में 40% कोयला छत्तीसगढ़ की परसा कोल ब्लॉक से आता है। राजस्थान ने 40 हजार करोड़ का निवेश कर नए अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल प्लांट शुरू किए हैं। हालांकि प्रदेश को फिलहाल कोयला मिलने में खासी देरी हो रही थी। राजस्थान में कोल आधारित थर्मल पावर प्लांट्स यूनिट्स की क्षमता 7580 मेगावाट है। 3240 मेगावाट क्षमता के प्लांट को कोल इंडिया की एसईसीएल और एनसीएल की माइंस से कोयला आपूर्ति हो रही है।

**रोज 30 हजार करोड़ यूनिट बिजली की डिमांड:** राजस्थान में बिजली की मांग 30 हजार करोड़ यूनिट पार हो चुकी है। दो साल पहले रोजाना 11570 मेगावाट प्रतिदिन बिजली चाहिए थी, जो इस साल 15000 मेगावाट के पार पहुंच चुकी है। दो साल पहले ज्यादा बारिश से कोयले की खदानों में पानी भर गया और कोयला आपूर्ति ठप हो गई थी।

## जरूरी खबर

### मंत्री कुमावत ने समस्या समाधान के दिए निर्देश



**जयपुर।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को पाली जिले के मुंडारा में जनसभा में आमजन की समस्याएं सुनी और निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान मंत्री कुमावत ने कहा कि लोग पेड़ों की कटाई कर रहे है, लेकिन उसी अनुपात में पौधे नहीं लगा रहे हैं जिससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पंचायती राज मंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक आदमी को पर्यावरण के प्रति समर्पित होना चाहिए।

### जिला कलेक्ट्रेट में आठ विधायकों ने की जनसुनवाई

**चाकसू।** जयपुर ग्रामीण जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम का गुरुवार को जयपुर कलेक्ट्रेट में शुभारंभ हुआ। इसमें चाकसू विधायक रामावतार बैरवा शामिल हुए और जनसुनवाई की। आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में 8 विधायकों की मौजूदगी में जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण की जिला स्तरीय प्रकरणों की जनसुनवाई हुई। इसमें कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने 125 लोगों की फरियाद सुनी। वहीं 16 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस दौरान चिकित्सा, शिक्षा, पानी, बिजली सहित अन्य समस्याएं लोगों ने जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखी।

### राजस्व प्रकरणों का समन्वय से करें निस्तारण: मीणा



**जयपुर।** राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने कहा कि राजस्व विभाग आमजन से सीधा जुडाव रखता है। प्रदेशवासियों को त्वरित व पारदर्शी राजस्व सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा नवीन तकनीकों की सहायता से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इन तकनीकों के बेहतर उपयोग के लिए विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।। राजस्व मंत्री मीणा गुरुवार को शासन सचिवालय में आयोजित विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि सीमाज्ञान और सीमानिर्धारण के कार्य सटीक रूप से करें। जिससे किसी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं हो।

## डिप्टी सीएम डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने लिया अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा

# सवाई मानसिंह स्टेडियम में आज होगा राज्य स्तरीय समारोह

**बेधड़क** | जयपुर

'स्वयं एवं समाज के लिए योग' थीम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10वीं बार अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा।

राजस्थान में आयुर्वेद विभाग के तत्वावधान में राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा की उपस्थिति में सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में योगाभ्यास का मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को आयुर्वेद विभाग की विभिन्न टीमों द्वारा अंतिम रूप दिया गया। उप मुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा द्वारा गुरुवार को तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने यहां यभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमन पंवार, आयुर्वेद विभाग की शासन सचिव पूनम, संयुक्त शासन सचिव कैलाश चन्द यादव, उप शासन सचिव सावन कुमार चायल, निदेशक डॉ. आनंद कुमार शर्मा, अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) मेघना चौधरी, नोडल अधिकारी डॉ. सीतेश्वर प्रसाद भारद्वाज भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने भी तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निदेशक डॉ. आनन्द कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल एवं विधानसभा सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, प्रशासनिक अधिकारियों, मीडियाकर्मियों, विभिन्न स्वयंसेवी योग संस्थानों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। समारोह में विभिन्न तरह के योगाभ्यास कर शरीर को स्वस्थ्य रखने का संदेश दिया जाएगा। योग विशेषज्ञों की ओर से उपस्थित जनसमुदाय को योग के विभिन्न आसनों और उनसे होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी जाएगी। वहीं योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया जाएगा।



### सीएम ने दी योग दिवस पर शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। सीएम शर्मा ने कहा कि शारीरिक बल व मानसिक विस्तार व्यक्ति के विकास का आधार है। योग के माध्यम से व्यक्ति न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहता है। आज के समय में पूरी दुनिया के लोग योग को अपना रहे है और योग दिवस वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

### गांव-ढाणी में भी करेंगे योगाभ्यास

**चाकसू।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चाकसू कस्बे के गणगौरी मैदान में सुबह 6 से 7 बजे के बीच ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। योगाभ्यास से जहां सेहत के मायने समझाए जाएंगे तो वसुधैव कुटुंबकम का भी महत्व बताया जाएगा। इस संबध में गुरुवार को पंचायत समिति सभागार में कार्यक्रम से संबंधित बैठक उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी, नगरपालिका ईओ शंभू लाल मीणा, आयुष विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को सफल बनाने के संबंध में बैठक आयोजित हुई। इसमें बताया कि 15 से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत कस्बा, तहसील, विकास खंड व ग्राम पंचायत तथा शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपखण्ड अधिकारी शर्मा ने निर्देश दिए कि योग दिवस पर ब्लाक मुख्यालय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाए।

## फीडबैक बैठक में कहा- ऊर्जा क्षेत्र में कांग्रेस ने नहीं किया काम

# प्रदेश में बिजली संकट के लिए पूर्व सरकार दोषी: ऊर्जा मंत्री

**बेधड़क** | जयपुर

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बिजली संकट को लेकर पिछली कांग्रेस सरकार को दोषी ठहराते हुए कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में पांच साल तक कोई काम नहीं किया। प्रदेश की जनता को बिजली संकट से निजात दिलाने के लिए प्रसारण और उत्पादन के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए। इसके चलते ये अव्यवस्था हुई है।

ऊर्जा मंत्री नागर ने बिजली संकट और कोयले की कमी के सवाल पर कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसको लेकर दिल्ली का दौरा किया और कोयले के संकट से जल्द राहत मिलेगी। ऊर्जा मंत्री गुरुवार को बीकानेर में समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और आमजन के फीडबैक के अनुरूप सभी अधिकारी गंभीरता से काम करें। इससे पहले उन्होंने जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मुख्य अभियंता कार्यालय सभागार में आयोजित संभाग स्तरीय बैठक ली।



### शीघ्र पूरे हों GSS के कार्य

ऊर्जा मंत्री ने नागर ने कहा कि ओवरलोड वाले स्थानों पर नए जीएसएस अथवा क्षमतावर्धन कार्य के प्रस्ताव भिजवाए जाएं। स्वीकृत जीएसएस के कार्य जल्दी से जल्दी पूर्ण हों, जिससे आमजन को राहत मिल सके। किसानों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोलर प्लांट से प्राप्त हो रही बिजली में वोल्टेज कम ना हो, इसके लिए आवश्यक उपकरण लगवाए जाएं। बैठक में बीकानेर (पूर्व) विधायक सिद्धि कुमारी ने शहरी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारू करवाने के साथ शहर के मुख्य मार्गों में अंडरग्राउंड केबल बिछाने, ढीले तारों को ठीक करवाने, ट्रांसफार्मर की लोड क्षमता बढ़ाने, विजिलेंस टीम में महिला सदस्य नियुक्त करने व शिकायत के त्वरित निस्तारण के लिए रिड्रेसल सिस्टम बनाने की मांग रखी। इस पर ऊर्जा मंत्री ने बीकेईएसएल को आगामी सप्ताह में हेल्पडेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए।

### एमएलए ने ये रखी मांग

श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने मांग उठाते हुए कहा कि क्षेत्र में 5 जीएसएस के कार्य काफी समय से लंबित हैं। इन्हें प्राथमिकता से पूर्ण करवाया जाए। कोलायत विधानसभा विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने फीडर सेग्रीगेशन कार्य पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मांग बढ़ने के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की दिशा में काम करना होगा। सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली, सरदारशहर विधायक मनोज कुमार मेघवाल, सुजानगढ़ विधायक अनिल कुमार शर्मा और रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने भी सुझाव दिए। पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई ने जीएसएस कार्यों में प्रगति बढ़ाने की बात कही।

### सूरतगढ़ थर्मल पावर प्लांट का किया अवलोकन

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने गुरुवार को श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ थर्मल पावर प्लांट का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार आमजन को नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के लिए संकल्पबद्ध है। इसी क्रम में विद्युत समस्याओं के समाधान के लिए सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। पावर प्लांट का अवलोकन करने के दौरान चीफ इंजीनियर टीआर सोनी सहित अभियंताओं ने विद्युत परियोजना की गतिविधियों से अवगत करवाया। इस दौरान नागर ने कहा कि विद्युत समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। वे स्वयं लगातार विद्युत परियोजनाओं का दौरा कर अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से फीडबैक ले रहे हैं। इसी फीडबैक के आधार पर समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। थर्मल अधिकारियों को विद्युत उत्पादन बढ़ाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में जितना उत्पादन हो रहा है, उसे बढ़ाया जाए। साथ ही कमी या समस्या को अधिकारी द्वारा अवगत करवाया जाए, ताकि पावर प्लांट को पूरी क्षमता के साथ चलाया जा सके।

## डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने ली बैठक

# विरासत संरक्षण और आधुनिक सुविधाओं से बढ़ेगा पर्यटन

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के पर्यटन भवन में गुरुवार को डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक ली। डिप्टी सीएम ने राजस्थान पर्यटन को लेकर कहा कि विरासत संरक्षण और आधुनिक सुविधाओं से राजस्थान में पर्यटन बढ़ेगा। सौर ऊर्जा से पर्यटन स्थल जगमग होंगे। साथ ही नए साइनेज से पर्यटकों को राह मिलेगी।

गुरुवार को पर्यटन भवन में पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में प्रमुख शासन सचिव पर्यटन विभाग गायत्री राठौड़, आरटीडीसी प्रबंध निदेशक अनुपमा जोरवाल, निदेशक पर्यटन विभाग डॉ. रश्मि शर्मा सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन के हेरिटेज स्वरूप और आधुनिक सुविधाओं से राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने राजस्थान को पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के संभावित उपायों पर कार्य किए जाने के अल्बर्ट हॉल में म्यूजियम को आधुनिक दृष्टिकोण से और बेहतर बनाने के प्रस्ताव तैयार करने, खासाकोठी का पुनरुद्धार के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।



### सुविधाओं का विकास करने के निर्देश

उपमुख्यमंत्री ने प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाओं की दृष्टि से नाइट टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सुविधाएं विकसित करने और इसके लिए एक समग्र कार्य योजना के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने जयपुर शहर और प्रदेश के अन्य पर्यटक स्थानों के हेरिटेज स्वरूप को कायम रखते हुए आधुनिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए निर्देशित किया। पर्यटक स्थलों के हेरिटेज स्वरूप को बनाए रखते हुए आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का विकास करने के निर्देश दिए। प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए जयपुर सहित सभी पर्यटन शहरों में साइनेज बोर्ड लगाने के लिए निर्देश दिए।

## बस ऑपरेटर्स ने मांगों को लेकर दिया धरना




*जयपुर। बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को बस ऑपरेटर्स ने शहर के शहीद स्मारक पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बस ऑपरेटर्स ने परिवहन विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। टैक्स कम करने सहित अन्य मांगों को लेकर धरनार्थियों ने सरकार से समस्याओं के समाधान की मांग की। प्रदर्शन के दौरान बस ऑपरेटर्स ने अलग-अलग नारे लिखी तख्तियां हाथों में ले रखी थी।*

## 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत कार्रवाई

# डी-मार्ट पर मिला 450 लीटर नकली देशी घी

**बेधड़क** | जयपुर

खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय की ओर से प्रदेश में मिलावट के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत गुरुवार को जयपुर में बड़ी कार्रवाई की गई। इसमें डी- मार्ट स्टोर पर विभिन्न ब्रांड का 450 लीटर नकली घी पाया गया।

खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के सुपरविजन एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त आयुक्त ओझा ने बताया कि मालवीय नगर स्थित डी मार्ट स्टोर पर नकली प्रो वैदिक घी बिकने की शिकायत प्राप्त हुई थी। इस सूचना के आधार पर टीम डी मार्ट पर जांच करने पहुंची। टीम ने वहां जांच की तो पाया कि प्रो वैदिक घी घटिया एवं नकली था। इस दौरान जांच में यह भी पता चला कि सरस घी के एक ही बैच नंबर और एक ही सीरीज के कई सारे घी के डिब्बे थे। इस पर सरस डेयरी के क्वालिटी कंट्रोल मैनेजर और एनालिस्ट को बुलाकर जांच कराई गई। जांच में यह घी नकली पाया गया। डिस्ट्रीब्यूटर के द्वारा डी मार्ट को सप्लाई किए गए घी में बीच-बीच में नकली घी के डिब्बे रखकर सप्लाई किए गए थे। इस पर विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया कुकर खेड़ा के पास डिस्ट्रीब्यूटर खंडेलवाल एंड कंपनी पर कार्रवाई की गई। यहां सरस के कार्टन में नकली सरस घी के डिब्बे बरामद किए गए। मौके पर सरस डेयरी के प्रतिनिधि को बुलाया गया, जिन्होंने प्रमाणित किया कि घी नकली है। नकली घी को सीज किया गया और सैंपल लिए गए।



डी मार्ट पर बेचे जा रहे हरियाणा के प्रो वैदिक घी की भी सरकारी लैब में जांच करवाई गई, जिसमें प्रथम दृष्टया नकली और घटिया पाए जाने पर लगभग 450 लीटर घी सीज किया गया। साथ ही डी मार्ट के एरिया सेल्स मैनेजर को जयपुर के सारे स्टोर्स और वेयरहाउस में रखे प्रो वेदिक घी और सरस घी के स्टॉक को रोकने और अग्रिम आदेशों तक विक्रय नहीं करने के लिए पाबंद किया गया है। 40 लीटर नकली सरस घी भी सीज कर सरस डेयरी के हवाले किया गया।

# जलसंसाधन मंत्री ने पुष्कर कॉरिडोर पर दिए सुझाव

**जयपुर।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने गुरूवार को अजमेर जिले के पुष्कर कॉरिडोर विकास से संबंधित प्रजेंटेशन देख कर अपने सुझाव दिए। रावत ने एडीए को गांवों से अतिक्रमण हटाने, सरकारी विभाग, अस्पताल व स्कूलों के लिए भूमि आरक्षित करने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देश पर तीर्थराज पुष्कर के विकास के लिए प्रस्तावित योजना का प्रथम प्रजेंटेशन जल संसाधन मंत्री रावत ने देखा। अजमेर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित, आयुक्त नित्या के। एवं पुष्कर नगर पालिका अध्यक्ष कमल पाठक की उपस्थिति में प्रजेंटेशन दिया। जल संसाधन मंत्री रावत एवं जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना इस तरह से तैयार की जाए कि किसी व्यक्ति को परेशानी नहीं हो।

सबके साथ एवं सहमति से ही योजना तैयार होगी। अजमेर विकास प्राधिकरण ने पुष्कर के विकास के लिए प्रस्तावित कॉरिडोर के प्रथम चरण में 275 करोड़ रुपए की योजना तैयार की है। इनमें पुष्कर सरोवर के चारों ओर घाटों का जीर्णोद्धार, सरोवर विकास, पाथ वे, मंदिरों में विकास एवं अन्य कार्य करवाए जाएंगे।

## पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने उठाए सवाल

# सबूत मिले, फिर भी नीट रद्द नहीं!

**बेधड़क** | जयपुर

नीट पेपर लीक मामले को लेकर अब विपक्ष केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) पर सवाल खड़ा कर रहा है। इस परीक्षा में पेपर लीक और गड़बड़ियों के बावजूद परीक्षा निरस्त नहीं होने पर कांग्रेस केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठा रहा है।



राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को नीट को लेकर एनटीए और केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने अपने एक्स एकाउंट पर एक पोस्ट में लिखा, 'एनटीए द्वारा आयोजित नेट परीक्षा की गड़बड़ियों को स्वीकार कर पेपर रद्द कर दिया गया, लेकिन नीट परीक्षा में पेपर लीक और बेईमानी के सबूत मिलने के बाद भी नीट परीक्षा को रद्द नहीं किया जा रहा है। ऐसी क्या वजह है कि एनडीए सरकार मेडिकल जैसे संवेदनशील क्षेत्र की परीक्षा में गड़बड़ियां होने के बावजूद रद्द नहीं कर रही है? पेपर लीक के आरोपी विद्यार्थियों ने कबूला है कि उनके पास एक रात पहले ही पेपर आ गया था। गहलोत ने कहा, 'जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है। वहां ऐसी शिकायत आने पर भाजपा राजनीतिक फायदे के लिए भ्रामक प्रचार करती है, लेकिन यहां सब कुछ साफ-साफ दिखाई देने के बाद भी चुप है। हमारी सरकार ने 26 लाख अभ्यर्थियों वाली रीट परीक्षा आयोजित की। इसमें अभ्यर्थियों के लिए भोजन, यातायात, रुकने की सुविधा सब सरकार ने किया। इसके बावजूद पेपर लीक की शिकायत मिली तो पेपर रद्द किया गया और दोबारा सफलतापूर्वक परीक्षा आयोजित कर 50,000 अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी गई।

# भजनलाल ने 23 मंत्रियों को सौंपा जिलों का प्रभार

**जयपुर।** सरकार की योजनाओं को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे के लिए प्रदेश की भजनलाल सरकार लगातार काम कर रही है। अंत्योदय की संकल्प के साथ काम करने वाली भाजपा सरकार ने अब अपने मंत्रियों को जिलों की जिम्मेदारी दी है। सरकार ने 23 मंत्रियों को अलग-अलग जिलों का प्रभार सौंप है। अब ये मंत्री अपने प्रभार वाले जिले में प्रवास करेंगे और योजनाओं से वंचित लोगों को जोड़ने का काम करेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को अजमेर और केकड़ी का जिम्मा दिया गया है। वहीं, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को चित्तौड़, प्रतापगढ़ और राजसमंद का, इनके अलावा किरोड़ी लाल मीणा को अलवर, खैरतल-तिजारा का, गजेंद्र सिंह को बीकानेर और अनूपगढ़ का, कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को दौसा और गंगापुर सिटी का, मदन दिलावर को जोधपुर, जयपुर ग्रामीण और फलोदी का, कन्हैयालाल को नागौर, डीडवाना-कुचामन का, जोगाराम पटेल को जयपुर शहर और दूदू का, सुरेश सिंह रावत को भरतपुर और डीग का, अविनाश गहलोत को चूरू और झुंझुनू का जिम्मा दिया गया है।

## जरूरी खबर

### बिना अनुमति हो रहे तीन अवैध निर्माण सीज



**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज ने गुरुवार को हवामहल आमेर जोन में बिना अनुमति चल रहे तीन अवैध निर्माण सीज किए हैं। हेरिटेज निगम के हवामहल आमेर जोन उपायुक्त करतार सिंह ने बताया कि गुरुवार को हवामहल जोन में ब्रह्मपुरी में तीन अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें 216, ब्रह्मपुरी बस स्टैंड में बिना अनुमति व्यावसायिक गतिविधि संचालित की जा रही थी। इस पर दस्ते ने कार्रवाई करते हुए सीज कर दिया। वहीं, मकान संख्या 305,306 ब्रह्मपुरी खुर्रे पर बिना अनुमति एक भवन पर दो मंजिला अवैध निर्माण किया जा रहा था, जिसे निगम दस्ते ने सीज किया। तीसरी कार्रवाई में संतोष सागर कॉलोनी के पास भी एक मकान का अवैध निर्माण किया जा रहा था। तीनों कार्रवाई के दौरान हेरिटेज निगम का सतर्कता दस्ता भी मौजूद रहा।

### सात ट्रक सामान जब्त, 14 हजार रुपए का चालान




**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम की सतर्कता शाखा ने गुरुवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सात ट्रक सामान जब्त कर 14 हजार रुपए का चालान किया है। हेरिटेज निगम के सतर्कता उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सतर्कता दस्ते ने कार्रवाई करते हुए चांदपोल, शास्त्री नगर, हाउसिंग बोर्ड, संजय सर्किल, सोडाला, न्यू आतिश मार्केट, गुर्जर की थड़ी से अस्थाई अतिक्रमण कर रहे थड़ी ठेले वालों को हटाया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक बेद्यनाथ कौशिक के नेतृत्व में दस्ते ने सात ट्रक सामान जब्त किया गया, साथ ही 14 हजार रुपए का चालान भी किया गया।

## इंडिगो की जोधपुर-जयपुर फ्लाइट में टर्बुलेंस, 25 मिनट तक आसमान में चक्कर काटता रहा प्लेन

# अचानक लगा उड़ता विमान गिर रहा है... रोने लगे यात्री

**बेधड़क** | जयपुर

मौसम में गुरुवार दोपहर अचानक बदलाव हुआ। इसके कारण जयपुर एयरपोर्ट पर जोधपुर, मुंबई और हैदराबाद से आने वाली तीन फ्लाइट अपने निर्धारित समय पर लैंड नहीं कर पाईं। इस दौरान जोधपुर-जयपुर फ्लाइट में टर्बुलेंस इतना ज्यादा बढ़ गया कि यात्री घबराकर विमान में ही रोने लगे। विमान के क्रू (स्टाफ) ने यात्रियों को शांत करवाया। वहीं, जयपुर से दिल्ली की फ्लाइट अपने निर्धारित समय से 6 घंटे बाद टेक ऑफ हो पाई। इंडिगो की फ्लाइट 6E-7406 आज सुबह 11:05 बजे जोधपुर से उड़ान भरकर 1 घंटे 15 मिनट बाद दोपहर 12:20 बजे जयपुर पहुंचने वाली थी। लेकिन, खराब मौसम की वजह से विमान ने दोपहर 12:02 बजे जोधपुर से उड़ान भरी। विमान दोपहर 1:42 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड हुआ।

फ्लाइट 6E-7406 करीब 25 मिनट तक जयपुर के आसमान में चक्कर काटती रही। इस दौरान खराब मौसम की वजह से टर्बुलेंस बढ़ गया। इससे विमान में मौजूद 60 से ज्यादा यात्री घबरा गए। कुछ यात्री रोने लगे। विमान में मौजूद क्रू ने समझाइश कर उन्हें ढांढस बंधाया। इसके बाद 10 चक्कर जयपुर के आसमान में काटने के बाद फ्लाइट की जयपुर एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग हो पाई।




### मुंबई-हैदराबाद फ्लाइट की भी देरी से लैंडिंग

इसी तरह खराब मौसम की वजह से विस्तारा एयरलाइंस की मुंबई से जयपुर फ्लाइट UK-561 और इंडिगो एयरलाइंस की हैदराबाद से जयपुर फ्लाइट 6E-913 भी निर्धारित वक्त पर जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड नहीं हो पाई। दोनों फ्लाइट खराब मौसम की वजह से 25 से 30 मिनट तक आसमान में ही चक्कर काटती रहीं। हालांकि, जयपुर के आसमान में मौसम साफ होने के बाद दोनों फ्लाइट की लैंडिंग हो पाई।

### उड़ान में देरी पर भड़के यात्री, किया हंगामा

खराब मौसम की वजह से अलायंस एयरलाइंस की फ्लाइट 9I-844 जयपुर एयरपोर्ट से अपने निर्धारित वक्त के 5 घंटे बाद भी उड़ान नहीं भर पाई है। दरअसल, अलायंस एयरलाइंस की फ्लाइट को दोपहर 2:10 बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरनी थी। उड़ान में हुई देरी के कारण यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा भी कर दिया। इसके बाद एयरलाइंस स्टाफ ने खराब मौसम का हवाला देकर देर शाम फ्लाइट के संचालन का वादा कर मामला शांत करवाया। रात करीब 8 बजे फ्लाइट दिल्ली के लिए टेक ऑफ हुई।

### टर्बुलेंस में हिलने लगता है विमान

विमान में टर्बुलेंस या हलचल का मतलब होता है-हवा के उस बहाव में बाधा पहुंचना, जो विमान को उड़ने में मदद करती है। ऐसा होने पर विमान हिलने लगता है और अनियमित वर्टिकल मोशन में चला जाता है, यानी अपने नियमित रास्ते से हट जाता है। इसी को टर्बुलेंस कहते हैं। कई बार टर्बुलेंस से अचानक ही विमान ऊंचाई से कुछ फीट नीचे आने लगता है। यही वजह है कि टर्बुलेंस की वजह से विमान में सवार यात्रियों को ऐसा लगता है, जैसे विमान गिरने वाला है। टर्बुलेंस में प्लेन का उड़ना कुछ हद तक वैसा ही है, जैसे- ऊबड़-खाबड़ सड़क पर कार चलाना। कुछ टर्बुलेंस हल्के होते हैं, जबकि कुछ गंभीर होते हैं।

## जेडीए की मानसरोवर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी

# बुलडोजर का तीसरे दिन भी तांडव, 70 निर्माण और तोड़े

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-पीआरएन साउथ में हीरा पथ बी-2 बाईपास, न्यू सांगानेर रोड़ से वन्देमातरम मार्ग तक प्रस्तावित 100 फुट सेक्टर रोड पर 2.5 किमी तक रोड सीमा में किए गए अवैध कब्जा-अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई तीसरे दिन भी जारी रही। गुरुवार को जेडीए ने 70 निर्माण तोड़े। इनमें मकान, दुकानें और अन्य स्ट्रक्चर शामिल थे। उधर, स्थानीय व्यापारी जेडीए की कार्रवाई के विरोध में उतर आए हैं। व्यापारियों ने गुरुवार को बाजार बंद रखा और वीटी रोड पर धरना दिया।

गौरतलब है कि मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन में उपायुक्त पीआरएन (साउथ), समस्त उपनियंत्रक प्रवर्तन एवं प्रवर्तन अधिकारी जोन-01, 08, 14 और पृथ्वीराज नगर साउथ के सहयोग से वन्देमातरम चौराहा से हीरापथ बी-2 बाईपास, न्यू सांगानेर रोड़ के दोनों तरफ रोड सीमा से अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। गुरुवार को करीब 700 मीटर तक रोड सीमा में 70 मकान-दुकान को तोड़ा गया।

### विरोध में व्यापारियों ने रखा बाजार बंद, वीटी रोड पर दिया धरना



### 251 में से लगभग 225 कब्जे हटाए

जानकारी के अनुसार कुल 251 में से लगभग 225 कब्जों और अतिक्रमण से रोड सीमा को मुक्त करवाया जा चुका है। उक्त कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन के निर्देशन में उपायुक्त पीआरएन (साउथ) समस्त उपनियंत्रक प्रवर्तन एवं प्रवर्तन अधिकारी जोन-01, 08, 14, पीआरएन (साउथ), स्थानीय पुलिस थाने का पुलिस जाब्ता, पुलिस लाइन का अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाब्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा की गई।





## पेंशनर्स समाज का शपथ ग्रहण समारोह

# अनुभव और योग्यता बेहतर समाज के निर्माण में मददगार



**बेधड़क** | जयपुर

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने गुरूवार को सचिवालय स्थित सभागार में राजस्थान पेंशनर्स समाज की सचिवालय उप शाखा की नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलवाई।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पेंशनर्स समाज का अभिन्न अंग होते है। उनके अनुभवों और योग्यताओं से बेहतर समाज के निर्माण में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि राज्य के पैंशनर्स सेवानिवृति के बाद समाज हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। इस तरह के संगठनों कर्मचारी अधिकारी को सेवानिवृति के बाद भी सेवा करने के लिए प्लेटफार्म उपलब्ध करवाते है। इससे व्यक्तियों को आपसी मेलजोल एवं एक दूसरे से जुड़े रहने मे मदद मिलती है।

उन्होंने राजस्थान पेंशनर्स समाज के मुद्दों पर राज्य सरकार से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उपमुख्यमंत्री ने नवगठित कार्यकारिणी को दुपट्टा ओढ़ाकर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर राजस्थान पैंशनर्स समाज के प्रदेशाध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर, सचिवालय उप शाखा के अध्यक्ष भगवान सहाय मीणा सहित सचिवालय के सेवानिवृत कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## आरयू में कथित वसूली के खिलाफ प्रदर्शन

# पुलिस ने भांजी लाठियां... गुस्साए छात्रों ने एडम ब्लॉक पर जड़ा ताला

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान यूनिवर्सिटी में रिवैल्यूएशन (पुनर्मूल्यांकन) के नाम पर होने वाली वसूली को लेकर गुरुवार को प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस ने मौके से 5 छात्रों को हिरासत में भी लिया। गुस्साए छात्रों ने प्रशासनिक भवन (एडम ब्लॉक) के ताला लगा दिया। दरअसल, यूनिवर्सिटी में सुबह 11 बजे छात्र नेता शुभम रेवाड़ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र प्रदर्शन करने पहुंचे थे। छात्रों ने एडम ब्लॉक के गेट पर धरना शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ छात्र प्रशासनिक भवन में घुस गए और गेट पर ताला लगा दिया। प्रदर्शन को देखते हुए गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों को खदेड़ने के लिए हल्का बल प्रयोग किया और 5 छात्रों को हिरासत में लिया। कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने कहा- रिवैल्यूएशन में हर बार प्रोफेसर की गलती नहीं होती है। कई बार छात्रों के नंबर कम भी हो जाते हैं। इसलिए इस तरह का आरोप लगाना गलत है। इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए हम पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया को डिजिटल करने के प्रयास कर रहे हैं। बहुत जल्द यूनिवर्सिटी में पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया डिजिटल तौर पर शुरू हो जाएगी। इससे छात्रों को इस तरह की समस्या से परेशान नहीं होना पड़ेगा।

## पोस्टर का विमोचन




***जयपुर।*** *अंतरराष्ट्रीय संगठन मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संरक्षण संगठन की ओर से 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस एवं रजत जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बिड़ला ऑडिटोरियम में होने वाले इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन गुरुवार को उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सचिवालय में किया। इस दौरान संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. कमल शर्मा, उपाध्यक्ष भरत सैन, कोषाध्यक्ष भंवरलाल प्रजापत व उप मुख्यमंत्री के निजी सचिव विकास चौधरी मौजूद रहे।*

## राजभवन में पश्चिम बंगाल का स्थापना दिवस मनाया

# पश्चिम बंगाल साहित्य, संगीत और कलाओं की समृद्ध धरा: कलराज

**बेधड़क** | जयपुर

राजभवन में गुरुवार को पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस दौरान पश्चिम बंगाल के स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनसे संवाद किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल के सतत विकास और समृद्धि की कामना करते हुए स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि पश्चिम बंगाल साहित्य, संगीत और कलाओं की दृष्टि से ही संपन्न प्रदेश नहीं है, बल्कि आजादी आंदोलन के क्रांतिकारियों की भी यह पुण्य धरा रही है।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि राजभवन में राज्यों के स्थापना दिवस मनाने की अर्थ ही है, 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना से जन-जन को जोड़ना। उन्होंने कहा कि बंगाल ने ही रवीन्द्रनाथ टैगोर का राष्ट्रगान 'जन गण मन' हमें सौंपा तो राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' की रचना भी बंगाल के ही बंकिमचन्द्र ने की। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल ने ही सबसे पहले ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ क्रांतिकारियों की फौज खड़ी की। स्वदेशी आंदोलन के बाद बंगाल में क्रांतिकारी राष्ट्रवाद का सूत्रपात हुआ।




### परमहंस और विवेकानंद से जुड़े किस्से किए साझा

राज्यपाल ने स्वामी रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद से जुड़े रोचक किस्से भी साझा किए। उन्होंने कहा कि रामकृष्ण परमहंस मानवता के अप्रतिम उदाहरण हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के प्रखर व्यक्तित्व और शिकागो के धर्म सम्मेलन में उनकी रही भूमिका को भी रेखांकित किया। उन्होंने इस अवसर पर पश्चिम बंगाल को भारत की गौरव भूमि बताते हुए कहा कि विश्व कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर, बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय, आजाद हिंद फौज बनाने वाले सुभाष चन्द्र बोस, क्रांतिकारियों के आध्यात्मिक गुरु अरबिंदो घोष, महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु, महान फिल्म निर्माता-निर्देशक सत्यजीत राय आदि इसी धरती के रहे हैं और उन्होंने विश्व भर में भारत को गौरवान्वित किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस पर शिक्षाविद और चिंतक श्यामाप्रसाद मुखर्जी को भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल का आज जो स्वतंत्र स्वरूप हमें दिखाई दे रहा है, उसमें बहुत बड़ी भूमिका श्यामाप्रसाद मुखर्जी की ही रही है।

### संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन

आरंभ में पश्चिम बंगाल के कलाकारों ने 'आमार राष्ट्र भूमि' के संगीतमय गान से बंगाल की धरती में समाए भारतीय गौरव को साकार किया। समारोह में राजभवन में जनजाति कल्याण विभाग की निदेशक कविता सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। आरंभ में उन्होंने संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया।

## जरूरी खबर

### नगर परिषद आयुक्त के खिलाफ पार्षदों का धरना समाप्त



**झुंझुनू।** नगर परिषद में आयुक्त अनीता खीचड़ के खिलाफ पार्षदों ने धरना देकर उनको हटाने की मांग की। प्रदर्शनकारी पार्षदों ने आयुक्त पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। धरने के तीसरे दिन गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी के एक महीने में सभी समस्याओं के समाधान करने का आश्वासन दिया। इसके बाद पार्षदों का धरना खत्म हुआ। पार्षदों का आरोप है कि आयुक्त खीचड़ के कार्यकाल में हवेलियों को कॉम्प्लेक्स बनाने का कार्य शुरू किया गया था।

### खेल मैदान में योग दिवस की सभी तैयारियां पूर्ण

**सीकर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह शुक्रवार को राजकीय श्रीकल्याण उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में सुबह 7 से सुबह 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास आयोजित किया जाएगा। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा है कि सभी लोग मुख्य समारोह में पहुंचकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने आमजन, योग समितियों, एनजीओ, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, स्काउट गाइड, एनसीसी, एनएसएस, गणमान्य नागरिकों का आह्वान किया है। नोडल अधिकारी डॉ. बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

### मनोहर सरोवर बचाने के लिए विधायक से गुहार



**चाकसू।** कस्बे के मनोहर तालाब के अस्तित्व पर संकट और दुर्दशा से लोग चिंतत हैं। इसको लेकर गुरुवार को विधायक रामावतार बैरवा के निजी आवास पहुंचकर जनसुनवाई में लोगों ने ज्ञापन सौंपा और सरोवर के संरक्षण की मांग उठाई। वार्ड-20 के निवासी पं. जगदीश शर्मा सहित स्थानीय लोगों ने तालाब में मछली पालन ठेका निरस्त करने व फिर से ठेका नहीं देने की मांग उठाई। वहीं सरोवर में गंदे पानी के आने पर भी नाराजगी जताई। विधायक ने इस पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान ईश्वरलाल सैनी, हनुमान सैनी, गणेश पारीक, रमेश पारीक, राजेंद्र सैनी, सुनील गौतम, श्रीकांत शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

---

टोलकर्मी की पिटाई से नाराज परिवार की महिलाओं और दूसरे पक्ष की महिलाओं के बीच मारपीट

# टोल प्लाजा पर महिलाएं भिड़ी, एक-दूसरे पर बरसाए घूंसे

**बेधड़क** | दौसा

दोगुना टोल वसूलने के मामले में विवाद के दौरान टोलकर्मी की पिटाई मामले ने तूल पकड़ लिया। ऐसे में टोल प्लाजा पर खास हंगामा हो गया। टोल प्लाजा पर महिलाओं के बीच जमकर घूंसे और थप्पड़ चले। महिलाएं एक दूसरे से तरह भिड़ गईं कि एक-दूसरे के बाल पकड़कर खींचे और थप्पड़-मुक्के मारे। घटना मनोहरपुर-कौथून हाईवे पर लालसोट के टीटोली टोल प्लाजा पर गुरुवार शाम 4 बजे की है। इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है। इसमें महिलाएं मारपीट करती नजर आ रही है।



नांगल थाना इंचार्ज हुसैन अली ने बताया- मारुति वैन में सवार जटवाड़ा (बस्सी) निवासी परिवार की चार महिलाएं, दो बच्चे और एक पुरुष पपलाज माता मंदिर में जात लगाने गए थे। जाते वक्त दौसा-लालसोट हाईवे पर टीटोली टोल प्लाजा पर उन्होंने फास्टैग से 80 रुपए टोल दिया था। लौटते वक्त फास्टैग का बैलेंस खत्म हो गया। ऐसे में टोल कर्मचारी ने एनएचएआई के नियमों के मुताबिक डबल चार्ज (160 रुपए) कैश देने को कहा। ड्राइवर ने 160 रुपए देकर गाड़ी आगे बढ़ा दी।

### कार से उतरी महिला ने की पिटाई

कार चालक की ओर से टोलकर्मी को 160 रुपए देने के बाद बूथ नंबर 3 के पास कार को रोक दिया गया। गाड़ी से उतरी एक महिला लौटकर आई और टोल कर्मचारी से बहस करने लगी। इस दौरान बहस इतनी बढ़ गई की उसने टोल कर्मचारी की पिटाई कर दी। यह देख कार सवार अन्य महिलाएं भी वहां पहुंच गई और टोल कर्मचारियों से बहस करने लगी। दोगुना टोल वसूलने का आरोप लगाकर वैन सवार महिलाओं ने टोल कर्मचारी को पीट दिया।

### परिवार की महिलाएं पहुंची मौके पर

कार सवार महिलाओं की ओर से टोलकर्मी की पिटाई के बाद उसके बचाव में वहीं क्वार्टर में रहने वाली उनके परिवार की महिलाएं आईं और उन्होंने कार सवार महिलाओं की पिटाई कर डाली। काफी देर तक महिलाएं एक-दूसरे से उलझी रहीं। एक-दूसरे के बाल पकड़कर मारपीट करती रहीं। टोल प्लाजा पर करीब आधे घंटे तक हंगामा और मारपीट होती रही। मौके पर काफी संख्या में भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। थाना इंचार्ज ने बताया कि किसी भी पक्ष की ओर से शिकायत नहीं दी गई है। दोनों में से किसी भी पक्ष की ओर से रिपोर्ट दी जाएगी तो कार्रवाई की जाएगी।

---

आक्रोश रैली में सांसद अमराराम व राजकुमार रोत ने कहा ...

# पानी-बिजली को लेकर लोग परेशान... सरकार गंभीर नहीं

**बेधड़क** | सीकर

लोकसभा चुनाव में उम्मीद अनुरुप परिणाम मिलने के बाद अब राजस्थान में विपक्ष काफी मजबूत नजर आ रहा है। विपक्ष के नेता सोशल मीडिया से सड़क तक सरकार को घेरते नजर आ रहे हैं। प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती और जल संकट के खिलाफ विपक्ष लगातार आवाज बुलंद कर रहा है। विपक्ष के हल्लाबोल का नजारा गुरुवार को सीकर जिले में देखने को मिला।

जहां आक्रोश रैली में कंप्यूनिस्ट पार्टी से नव-निर्वाचित सांसद अमराराम और बांसवाड़ा से बीएपी सांसद राजकुमार रोत भी शामिल हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। इन लोगों ने प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती, पानी की समस्या और बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने की मांग उठाई। इस दौरान सीकर सांसद अमराराम ने नीमकाथाना कलेक्टर को हटाने की मांग उठाते हुए कहा कि आज का प्रदर्शन ट्रेलर है, अगर नहीं माने तो जिले और प्रदेश की जनता फिल्म दिखाएगी।



### पूर्व विधायक के नेतृत्व में निकाली रैली

बिजली व पानी की समस्या के समाधान की मांग को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं व आमजन ने सीकर सांसद अमराराम और धोद के पूर्व विधायक पेमाराम की अगुवाई में शहर के ढाका भवन से जिला कलेक्ट्रेट तक सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली। आक्रोश रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं और माकपा कार्यकर्ता हाथो में बिजली व पानी की समस्या के निदान की मांग के बेनर व तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्टर पहुंचे, जहां प्रदर्शनकारियों ने केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। वहीं सीकर सांसद कॉमरेड अमराराम, बांसवाड़ा से सांसद राजकुमार रोत, बागीडोरा से विधायक जयकिशन, धोद के पूर्व विधायक पेमाराम सहित नेताओं ने कलेक्ट्रेट पर सभा को संबोधित करते हुए भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार पर जमकर निशाने साधे।

### 27 को उग्र आंदोलन की चेतावनी

सांसद अमराराम ने आगे कहा कि तेज गर्मी के बाद भी पीने के पानी की कोई उचित व्यवस्था भी नहीं की जा रही है वहीं जनता तक वैकल्पिक रूप से कोई पानी के टैंकर तक पहुंच रहे हैं और ना ही अन्य कोई व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा प्रदेश की भाजपा सरकार बदले की भावना से काम कर रही है। उन्होंने कहा गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम मांगों का ज्ञापन सौंपा गया है। अगर समय रहते समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो आगामी 27 जून को तमाम सहायक अभियंता कार्यालय को ठप करने का काम सीकर जिले की जनता करेगी। सांसद अमराराम ने कहा शुक्रवार को नीमकाथाना कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बिजली पानी की समस्या से जनता और किसान परेशान हैं, लेकिन सरकार इसके प्रति गंभीर नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक तरफ भयंकर गर्मी का दौर चल रहा है उस पर राज्य सरकार 24 घंटे बिजली देने की बजाय लगातार अघोषित बिजली कटौती कर रही है। एक तरफ गर्मी मारने का और दूसरी तरफ प्रदेश की जनता को पानी के बिना प्यासा मारने का काम प्रदेश की सरकार कर रही है। उन्होंने कहा जबकि प्रदेश व जिले की जनता पैसे देकर बिजली उपयोग कर रही है। अब जब तेज गर्मी पड़ रही है तो अघोषित बिजली कटौती कर जनता को गर्मी मारने का काम सरकार कर रही है।

---

कलेक्टर ने बैठक में कहा...

## आमजन की समस्या के प्रति गंभीर होकर करें शीघ्र निदान के प्रयास



**बेधड़क** | सीकर

राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए जिला कलेक्टर कमर चौधरी के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसुनवाई गुुरुवार को भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित हुई।

जनसुनवाई में सीमा ज्ञान, रास्ता खुलवाने, राजकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, आम रास्ते से अतिक्रमण हटाने, दूल्हेपुरा में खसरा नम्बर 956 से अतिक्रमण हटाने सहित अन्य मामले आए। इनके निस्तारण के लिए कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए। जिला कलेक्टर चौधरी ने जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत और ब्लॉक लेवल पर जनसुनवाई नियमित रूप से आयोजित करते हुए इनसे संबंधित शिकायतों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि ब्लॉक स्तर पर 126, ग्राम पंचायत स्तर पर 88 प्रकरण जन सुनवाई के लम्बित है जिनका प्राथमिकता से निस्तारण करें तथा निस्तारित प्रकरणों को जन सुनवाई मॉड्यूल पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि परिवादी अपनी की गई शिकायत से असंतुष्ट हो तो उसे बुलाकर जनसुनवाई करें। उन्होंने लक्ष्मणगढ़ विकास अधिकारी को सख्त हिदायत दी की मानासी में चार दीवारी निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग करने के संबंध में जांच कर रिपोर्ट तत्काल भिजवाएं। कलेक्टर ने तहसीलदारों को चारागाहों पर हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा।

---

देर रात खेत से काम कर लौट रहे थे, दो की हालत गंभीर

## 3 युवकों पर फायरिंग, बदमाश फरार

**बेधड़क** | दूदू

जिले के नगरी गांव में बुधवार देर रात्रि अज्ञात हमलावरों ने बाइक सवार तीन युवकों को गोली मारकर घायल कर दिया। यहां तीनों घायल युवकों को परिजनों ने जयपुर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इनमें से दो की हालत गंभीर है।

पुलिस घटना स्थल का मौका मुआयना कर जांच में जुट गई है। दूदू के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव लाल बैरवा ने बताया कि दूदू थाना इलाके के नगरी गांव में देर रात तीन युवक एक बजे खेत से काम कर लौट रहे थे। बीच रास्ते में अज्ञात बदमाशों ने रास्ते में उन पर फायरिंग कर दी। घटना का



पता चलते ही परिवारजन तीनों घायलों को जयपुर के अस्पताल में भर्ती कराया, यहां उनका उपचार जारी है।

वहीं दो गंभीर घायल युवकों की हालत नाजुक बताई जा रही है। दूदू के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव लाल बैरवा भी गुरुवार को मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। बैरवा ने बताया कि परिजनों के अनुसार देर रात्रि एक बजे तीनों युवक खेत की रखवाली कर बाइक से घर लौट रहे थे। यहां बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने युवकों पर गोली मारकर कर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस घटना की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं को लेकर जांच में जुट गई है

---

मूक-बधिर नाबालिग की मौत के मामले में सीबीआई से जांच की मांग

## कांग्रेसियों का प्रदर्शन... सौंपा ज्ञापन

**बेधड़क** | करौली

जिले के हिंडौन में 10 साल की मूक बधिर बालिका के जलने और उपचार के दौरान मौत मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

जिला कलेक्ट्रेट के बाहर विरोध प्रदर्शन कर सड़क पर धरना दिया और मामले की सीबीआई से जांच की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और युवा मौजूद रहे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवाओं ने मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाते हुए बताया कि मामले में




पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच नहीं की गई। ऐसे में सीबीआई से जांच कराई जानी चाहिए। इससे पूर्व राजकीय पीजी महाविद्यालय के पीछे आक्रोश सभा का आयोजन हुआ। इसमें करौली-धौलपुर के नव निर्वाचित सांसद भजनलाल जाटव हिंडौन विधायक अनीता जाटव सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

वक्ताओं ने पुलिस पर निष्पक्ष जांच नहीं करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मामले की सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। गौरतलब है कि 10 वर्षीय बालिका डिंपल मीणा नौ मई को हिंडौन नई मंडी थाना क्षेत्र से गुजरने वाली रेलवे लाइन के पास जली हुई अवस्था में मिली थी। बालिका को उपचार के लिए हिंडौन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे गंभीर अवस्था में जयपुर रेफर कर दिया। बालिका की उपचार के दौरान जयपुर में मौत हो गई। एसआईटी ने मामले का खुलासा करते हुए मूक बधिर बालिका को उपचार के दौरान कीटनाशक देने, घटना के तथ्यों छुपाने और पुलिस को भ्रमित करने के मामले में बालिका के मामा और माता-पिता को गिरफ्तार किया है।

---

पुलिस कार्रवाई से मचा हड़कंप, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

# माफियाओं ने कर रखा था अवैध बजरी का भारी स्टॉक

**बेधड़क** | धौलपुर

जिले में पुलिस ने गुरुवार को बजरी मफिया के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया। सूचना के आधार पर पुलिस ने नगर परिषद रोड स्थित मेला ग्राउंड के पीछे खाली भूखंडों पर दबिश दी, जहां भारी मात्रा में अवैध बजरी का स्टॉक किया हुआ था।

पुलिस की इस अचानक की गई कार्रवाई से बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया। इस दौरान अधिकांश बजरी माफिया चंबल के बीहड़ में फरार हो गए। मौके से पुलिस ने दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को बरामद किया है। कोतवाली थाना प्रभारी प्रवेन्द्र कुमार रावत ने बताया कि स्थानीय पुलिस को गुरुवार को सूचना मिली कि कोतवाली थाना क्षेत्र के नगर परिषद मार्ग स्थित मेला ग्राउंड के पीछे खाली पड़े सरकारी भूखंडों में बजरी माफियाओं ने बजरी का भारी स्टॉक किया हुआ है। सूचना पाकर पुलिस थाने से टीम का गठन कर मौके पर कार्रवाई करने के लिए भेजा गया। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर करीब 1000 टन प्रतिबंधित चंबल बजरी के स्टॉक को जब्त कर खुर्द-बुर्द किया।

गौरतलब है कि चंबल नदी में बजरी खनन पर कोर्ट की रोक होने के बावजूद माफिया बजरी खनन कर रहे हैं। इस पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। कोर्ट के आदेशों को लागू करते हुए चंबल नदी में बजरी खनन पर पूर्णरूप से बंद करने की दिशा में पुलिस कदम बढ़ा रही है।



### पुलिस ने आरोपियों को किया चिह्नित

कार्रवाई के दौरान फरार हुए आरोपियों को पुलिस ने चिह्नित कर लिया है। अब उनकी धर-पकड़ के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस टीमें लगातार उनकी गिरफ्तार के लिए प्रयास कर रही है। कोतवाली थाना प्रभारी प्रवेन्द्र कुमार रावत ने बताया कि गुरुवार को की गई कार्रवाई में पुलिस ने दो ट्रैक्टर-टॉली जब्त की है। वहीं कार्रवाई के दौरान आरोपी चंबल के बीहड़ों में फरार हो गए, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद हौसले बुलंद

सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिबंधित चंबल बजरी के अवैध परिवहन को रोकने के लिए पुलिस एड़ी से चोटी तक की ताकत झोंक रही है, लेकिन बजरी परिवहन पर पूरी तरह से विराम लगाने में जिला पुलिस नाकाम साबित हो रही है। बजरी माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि पुलिस को ठेंगा दिखाकर बजरी के धंधे को खुलेआम कर रहे हैं। सरमथुरा, बाड़ी, धौलपुर एवं राजाखेड़ा इलाके में चंबल नदी के विभिन्न घाटों पर बजरी माफिया सक्रिय हैं। बजरी माफिया चंबल घाटों को चिह्नित इस कारोबार को अंजाम दे रहे हैं।

---

सता रही फसल के बर्बाद होने की चिंता

## अंधड़ में लाखों का पॉली हाउस हुआ तहस-नहस



**चाकसू।** कोटखावदा तहसील के ग्राम त्रिलोकीनाथ पुरा में गुरुवार को तेज अंधड़ आने से एक किसान के खेत पर बना पॉली हाउस तहस-नहस हो गया।

किसान प्रहलाद मीणा ने बताया कि 4 महीने पहले 20 लाख रुपए की लागत से पॉली हाउस का निर्माण करवाया था। पॉली हाउस में खीरे की फसल भी उगा रखी थी। तेज अंधड़ की वजह से पॉली हाउस तहस नहस हो गया। किसान ने बताया कि अब अगर दो-तीन दिन में यह ठीक नहीं हुआ तो खीरे की फसल पूरी बर्बाद हो जाएगी जिससे लाखों रुपए का नुकसान होगा। किसान ने बताया कि नवाचार का जरिया अपनाकर पॉली हाउस का निर्माण कराया था। लेकिन पोली हाउस फट जाने की वजह से कर्ज चुकाने की चिंता सता रही है।

## तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा में 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के फैसले का स्वागत... और विरोध भी

# महिला संगठनों ने जताया सीएम का आभार तो युवाओं का फैसले के खिलाफ प्रदर्शन

**जयपुर।** प्रदेश की भजनलाल सरकार के तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा में महिलाओं का आरक्षण 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के फैसले का स्वागत के साथ विरोध भी देखने को मिल रहा है। जहां महिला संगठनों ने गुरुवार को सीएम का आभार जताया और सीएम आवास पर महिला संगठनों ने खुशी जाहिर करते हुए सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए सीएम को सम्मानित किया। दूसरी ओर, युवाओं ने इस फैसले का विरोध जताते हुए राजधानी में प्रदर्शन किया।

## सशक्त महिलाएं प्रगतिशील समाज की पहचान, युवाओं को मिलेंगे पर्याप्त अवसर : सीएम शर्मा

### सरकार आधी आबादी को हक देने के लिए कृतसंकल्पित






मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाओं को सम्मान और समानता के अवसर प्रदान करना राज्य सरकार का कर्तव्य है। आत्मनिर्भर, सशक्त एवं शिक्षित महिलाएं ही प्रगतिशील समाज की पहचान है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए निर्णायक कदम उठाने और आधी आबादी को उनका हक देने के लिए कृतसंकल्पित है।

शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास पर तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा में महिलाओं का आरक्षण 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किए जाने के लिए आयोजित अभिनंदन एवं आभार समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

राज्य सरकार युवाओं को सरकारी सेवा में समुचित रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है। आगामी समय में चरणबद्ध तरीके से भर्ती परीक्षाएं आयोजित कर रिक्तियों को भरा जाएगा। साथ ही, जिन क्षेत्रों में युवाओं की आवश्यकता है, वहां रोजगार सृजित करते हुए उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती परीक्षा में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय से महिलाएं राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अधिक संख्या में शिक्षण कार्य कर सकेंगी और अध्ययनरत बच्चों का ममत्व भाव से देखभाल भी कर सकेंगी।

**महिलाओं का सम्मान हमारी संस्कृति-** मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं का सम्मान एक परंपरा रही है। हमारे वेदों और उपनिषदों में महिलाओं को देवी के रूप में पूजा जाता है। शक्ति की देवी दुर्गा, ज्ञान की देवी सरस्वती और धन की देवी लक्ष्मी हमारे समाज में महिलाओं के उच्च स्थान को दर्शाती हैं।

उन्होंने कहा कि एक महिला के शिक्षित बनने से तीन परिवार शिक्षित होते हैं और समाज प्रगति करता है। आज महिलाएं परिवार चलाने के साथ-साथ देश चलाने में भी सक्षम हैं। आज देश के सर्वोच्च पद पर आसीन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का जन्मदिन है। उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## जयपुर के शहीद स्मारक पर युवाओं ने किया प्रदर्शन

# युवा बोले- महिलाओं को 50% आरक्षण का फैसला पुरुष विरोधी

### युवाओं को पुलिस ने आगे बढ़ने से रोका



ग्रेड थर्ड टीचर भर्ती में महिलाओं को 50% आरक्षण देने के खिलाफ प्रदेशभर में विरोध शुरू हो गया है। जयपुर के शहीद स्मारक पर गुरुवार को बड़ी संख्या में युवा प्रदर्शन करने पहुंचे, जिन्हें पुलिस टीम ने शहीद स्मारक पर ही रोक दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों की पुलिस से गरमागरमी हो गई। पुलिस ने राजस्थान युवा शक्ति एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मीणा को हिरासत में ले लिया। मनोज मीणा ने कहा कि राज्य सरकार लोकसभा चुनाव में सिर्फ 14 सीट जीतकर आई है। अगर, इस फैसले को राजस्थान में लागू किया गया तो आने वाले विधानसभा चुनाव में 200 में से भी सिर्फ 14 सीट ही बीजेपी को मिलेगी। यह बिल पुरुष विरोधी है।

### फैसला वापस लेने की मांग

प्रदर्शनकारी युवाओं ने कहा-अगर सरकार ने इस फैसले को वापस नहीं लिया तो हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे, क्योंकि यह पुरुष विरोधी फैसला है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारी युवाओं ने कहा कि राजस्थान में पहले से ही महिलाओं को ग्रेड थर्ड टीचर भर्ती में 30% आरक्षण दिया जा रहा था। इसे बढ़ाकर बेवजह सरकार 50% पर ले गई है। इससे पुरुष अभ्यर्थी के चयन की संभावना कम हो रही है। ऐसे में सरकार को इस निर्णय पर पुनर्विचार कर इसे वापस लेना चाहिए। वहीं, दूसरी तरफ अब प्रदर्शनकारी पैदल मार्च निकालने की तैयारी कर रहे हैं।



# Yuva स्टोरीज

## UGC NET पेपर रद्द के खिलाफ प्रदर्शन

# NTA और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ लगे नारे

**नई दिल्ली।** 19 जून को देर रात UGC NET एग्जाम में पेपर लीक के शक के चलते एग्जाम को कैंसिल कर दिया गया। एजुकेशन मिनिस्ट्री ने प्रेस रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी थी। दरअसल, दो दिन पहले है यानी 18 जून को UGC की परीक्षा हुई थी। UGC परीक्षा रद्द होने के विरोध में गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री के घर के बाहर स्टूडेंट्स और NSUI के ने प्रदर्शन किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया है। प्रदर्शन के दौरान छात्र NTA में भ्रष्टाचार और शिक्षा मंत्री के खिलाफ नारे लगाते देखे गए। प्रदर्शन में एक छात्र ने नकली नोटों से भरा एक बैग हवा में उछाला और मामले की तत्काल जांच की मांग की।



### कांग्रेस के नेता खरगे ने किया ट्वीट

कांग्रेस अध्ययक्ष खरगे ने अपने ट्वीट में लिखा NEET, UGC-NET, CUET (Common University Entrance Test) में पेपर लीक, धांधली और घोर अनियमितताओं का अब पर्दाफाश हो चुका है। NTA अब पूरी तरह से फेल हो चुकी है।

### कल परीक्षा दी थी, पूरी मेहनत बेकार

UGC NET एग्जाम अपीयर करने वाले एक कैंडिडेट का ट्वीट शेयर करते हुए X यूजर प्रशांत सिंह ने तस्वीर शेयर की है, इसमें लिखा है 'मैं 7 महीनों ने घर नहीं गया। पूरी मेहनत करके कल परीक्षा दी थी। लग रहा था इस बार JRF जरूर हो जाएगा। ट्रेन पकड़कर घर जा रहा था। इस खर्च और मेहनत का हिसाब कौन देगा।'

## बिहार में हेल्थ ऑफिसर की 4500 वैकेंसी

बिहार राज्य स्वास्थ्य सोसाइटी (SHS) ने बिहार में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (CHO) की भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। इन पदों पर भर्ती के लिए 1 जुलाई से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो रही है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट shs. bihar.gov.in. के माध्यम से अप्लाई कर सकेंगे।

### शैक्षणिक योग्यता

किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक नर्सिंग की डिग्री होनी चाहिए।

### आयु सीमा

उम्मीदवारों की आयु 21 से 47 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

### डॉ. हरीसिंह विवि सागर में फैकल्टी भर्ती

डॉ. हरीसिंह गौर विवि में असि. प्रोफेसर के 88 पदों पर भर्ती निकली है। भर्ती में शामिल होने के लिए पहले ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा। इसके बाद एप्लीकेशन फॉर्म और सभी जरूरी डॉक्यूमेंट्स को संबंधित पते पर ऑफलाइन माध्यम से जमा करना होगा।

## विश्व रक्तदाता दिवस के कार्यक्रमों की कड़ी में रक्तदान शिविर आयोजित

# विद्यार्थियों और स्टाफ ने दिखाया उत्साह, 100 यूनिट से अधिक हुआ रक्तदान... सबने सराहा

**बेधड़क** | जयपुर

विश्व रक्तदाता दिवस के कार्यक्रमों की कड़ी में निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर से सम्बद्ध एस.एन. इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज ने रजनीश अस्पताल और ब्लड बैंक सेंटर, जयपुर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साह से रक्तदान किया।

शिविर में 100 से अधिक यूनिट रक्तदान किया गया। ओएसडी डॉ. संजय खन्ना ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए तमाम रक्तदाताओं की सराहना की। उन्होंने रक्त की गंभीर कमी और जीवन बचाने में ऐसी पहल के महत्व पर जोर दिया।






### देश में 3 मिलियन यूनिट रक्त की कमी

प्रो. रेनू नागर ने कहा कि वर्तमान में भारत में तीन मिलियन यूनिट रक्त की कमी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का सुझाव है कि अगर अतिरिक्त दो प्रतिशत जनसंख्या रक्तदान करे तो इस कमी को पूरा किया जा सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए एस.एन. इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन करता रहा है, जिसमें छात्र-छात्राएं और विश्वविद्यालय स्टाफ सक्रिय रूप से भाग लेता है। यह शिविर समुदाय सेवा और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने वाला साबित हुआ।

### रक्तदाताओं के प्रति कृतज्ञता जताई

एस.एन. इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज की प्राचार्य प्रो. रेनू नागर ने रक्तदाताओं के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए उनकी सराहना की। उन्होंने छात्रों पर शिविर के सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसे शिविर से उनके व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि होती है और उनमें सामाजिक जिम्मेदारी की भावना उत्पन्न होती है।

## इंडियन कोस्ट गार्ड में 320 पदों पर निकली भर्ती

**बेधड़क** | जयपुर

इंडियन कोस्ट गार्ड ने नाविक और यांत्रिक के पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट cgept.cdac.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**वैकेंसी डिटेल्स :** नाविक : 260 पद, यांत्रिक : 60 पद, कुल पदों की संख्या : 320

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन:**

नाविक (जनरल ड्यूटी) : 12वीं मैथ्स और फिजिक्स के साथ पास होना चाहिए।

**यांत्रिक:** 10वीं पास। इलेक्ट्रिकल/ मैकेनिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/ टेलीकम्युनिकेशन (रेडियो/पावर) इंजीनियरिंग में डिप्लोमा होना चाहिए।

**आयु सीमा:** 18 - 22 साल के बीच।
सैलरी: नाविक जनरल ड्यूटी :

**बेसिक सैलरी:** 21,700 रुपए (लेवल-3) तय की गई है। इसके साथ ही महंगाई समेत कई प्रकार के भत्ते और सुविधाएं रहेगी।

**NEET UG 2024** | सुप्रीम कोर्ट ने दिया बड़ा फैसला

# NEET-UG के री-एग्जाम पर रोक लगाने से साफ इनकार

## नीट यूजी परीक्षा 23 जून को होगी

**बेधड़क** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान नीट यूजी की दोबारा परीक्षा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। नीट यूजी परीक्षा उन 1563 उम्मीदवारों के लिए आयोजित की जा रही है, जिन्हें परीक्षा में ग्रेस मार्क्स दिए गए थे। नीट यूजी परीक्षा 23 जून को होने वाली है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इन अभ्यर्थियों को ग्रेस मार्क्स देने के विवादास्पद फैसले को रद्द करते हुए उन्हें दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया है। उन उम्मीदवारों को दोबारा परीक्षा का विकल्प देने के एनटीए के फैसले को चुनौती देते हुए एक रिट याचिका दायर की गई थी, जिस पर जस्टिस विक्रम नाथ और एसवीएन भट्टी की अवकाश पीठ ने विचार किया। हालांकि पीठ याचिका पर नोटिस जारी करने पर सहमत हो गई, लेकिन उसने दोबारा परीक्षा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि दोबारा परीक्षा कराना नियमों के विपरीत है। इस परीक्षा पर रोक नहीं लगाई जाती है तो एनटीए "पूरा होगा" के तर्क का इस्तेमाल करेगा। पीठ ने याचिका को संबंधित याचिकाओं के साथ 8 जुलाई के लिए पोस्ट कर दिया।



### अब तक 13 लोगों की हो चुकी गिरफ्तारी

इस मामले में अब तक बिहार से ताल्लुक रखने वाले 13 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार किए गए लोगों में 4 परीक्षार्थी और उनके परिवार के सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा, ईओयू ने जांच में शामिल होने के लिए 9 उम्मीदवारों (बिहार से 7 और उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से 1-1) को नोटिस जारी किया है।

### 30 से 32 लाख रुपए में बेचा था पेपर

मास्टरमाइंड अमित आनंद के कबूलनामे ने सबको चौंका दिया है। उसके मुतबिक उन्होंने लीक की साजिश रचने की बात स्वीकार की और खुलासा किया कि उम्मीदवारों को लीक हुआ पेपर और उत्तर 30 से 32 लाख रुपए की कीमत पर उपलब्ध कराए गए थे। पुलिस ने मास्टर माइंड और आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें मुख्य आरोपी सिंकदर यादवेंदु नगर परिषद दानापुर में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। इसके साथ ही अमित आनंद, अनुराग यादव और नीतीश कुमार का भी नाम शामिल है। इन सभी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

### आरोपी अमित आनंद का कबूलनामा

मेरा दोस्ती सिकंदर प्र० यादवेन्दु से है, जिनसे मेरा मुलाकात नगर परिषद दानापुर के कार्यालय में नीतीश कुमार के साथ हुई। वहीं पर कुछ अपना निजी कार्य लेकर गया था, बातचीत के सिलसिले में उसने यादवेंदु को बताया कि किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक कर बच्चों को पास कराता हूं। तब सिकंदर प्र० यादवेन्दु ने बताया कि मेरे पास भी 4-5 लड़के हैं, जिन्हें आप परीक्षा में पास करा दीजिए, जो नीट का तैयारी कर रहे हैं। तब मैंने तथा नीतिश कुमार ने कहा कि 30-32 लाख रुपए लगेंगे तो सिकंदर प्र० यादवेन्दु तैयार हो गया।

# राष्ट्रप्रेम और मानवतावादी दृष्टिकोण के गांधीवादी लेखक



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

**साहित्यकार विष्णु प्रभाकर की जयंती**



> विष्णु प्रभाकर को एक लंबी जिंदगानी मिली। उन्होंने समय के एक लंबे कालखंड को देखा, उसे आत्मसात किया और उसे प्रभावी ढंग से अपने लेखन में उतारा। अपने सात दशक के लेखन में कई अविस्मरणीय कहानियां और पात्र दिए, जिन्हें भूलना नामुमकिन है।

विष्णु प्रभाकर का तसव्वुर करो, तो एक तस्वीर जेहन में चली आती है। सिर पर गांधी टोपी और शरीर पर खद्दर का कुर्ता-पाजामा, बास्किट। एक गांधीवादी लेखक। जो सादगी की जीती-जागती मिसाल थे। उन्होंने न सिर्फ अपने जीवन में गांधीवादी जीवन मूल्यों को अपनाया एवं उनके आदर्शों पर चले, बल्कि अपनी रचनाओं में भी इस विचारधारा को प्रतिष्ठित किया। प्रेमचंद, जैनेन्द्र कुमार की तरह विष्णु प्रभाकर ने भी अपने साहित्य से गांधी चिंतन को ठोस व्यावहारिक रूप प्रदान किया। विष्णु प्रभाकर का संपूर्ण साहित्य सामाजिक सरोकारों और मानवीय मूल्यों की रचनात्मक अभिव्यक्ति है। राष्ट्रप्रेम और मानवतावादी दृष्टिकोण उनके साहित्य का मूल स्त्रोत है। वह बहुआयामी प्रतिभा के धनी गद्यशिल्पी थे। उन्होंने अपने लेखन से हिंदी साहित्य को व्यापक रूप से समृद्ध किया। आज भी पाठक उनके साहित्य से प्रेरणा लेते हैं। विष्णु प्रभाकर का साहित्य लोगों में सामाजिक चेतना जगाने का काम करता है। खास तौर से महिलाओं के लिए उन्होंने खूब साहित्य रचा। उनकी समस्याओं एवं परेशानियों को समझा और उन्हें अपनी आवाज दी। अपनी कहानी कला के बारे में विष्णु प्रभाकर का कहना था, ''मैं न आदर्शों से बंधा हूं और न सिद्धांतों से। बस भोगे हुए यथार्थ की पृष्ठभूमि में उस उदात्त की खोज में चलता चला आ रहा हूं। मेरे पास वह कला भले ही न हो, जो कहानी को कहानी बनाती है, पर झूठ का सहारा मैंने कभी नहीं लिया।''

21 जून, 1912 को उत्तर प्रदेश के मुजफ़्फ़रनगर जिले स्थित मीरापुर गांव में जन्मे विष्णु प्रभाकर का वास्तविक नाम विष्णु गुप्त था। उन्हें बचपन से ही लेखन में रुचि थी। 'विष्णु', 'विष्णुगुप्त', 'विष्णुदत्त' और 'प्रेम-बंधु' आदि छद्म नामों से वह कहानियां लिखते थे। साल 1934 में उन्होंने हिंदी साहित्य की 'प्रभाकर' की परीक्षा पास की और इसके बाद वह अपने नाम के साथ प्रभाकर लगाने लगे। साल 1931 में महज उन्नीस साल की उम्र में विष्णु प्रभाकर की पहली कहानी 'दीवाली के दिन', लाहौर के 'हिंदी मिलाप' में प्रकाशित हो गई थी। लेकिन उनका नियमित लेखन 1934 से शुरू हुआ और इसके बाद, फिर उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। महान कथाकार प्रेमचंद ने अपने अखबार और साहित्यिक पत्रिका 'हंस' में उनकी कहानियां प्रकाशित कीं। यही नहीं उस दौर की हिंदी साहित्य की सभी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं 'अलंकार', 'विशाल भारत', 'सरस्वती', 'माया', 'सुधा', 'माधुरी', 'कहानी', 'धर्मयुग' आदि में विष्णु प्रभाकर की कहानियां छपीं और उन पर खूब चर्चा हुई।

विष्णु प्रभाकर ने गद्य की सभी विधाओं में लिखा, लेकिन वह मूल रूप से कहानीकार ही थे। उन्होंने तकरीबन तीन सौ कहानियां लिखीं। 'धरती अब भी घूम रही है', 'मुरब्बी', 'जज का फ़ैसला', 'अधूरी कहानी', 'मेरा वतन', 'पुल टूटने से पहले', 'अभाव', 'ठेका', 'हिमालय की कहानी' उनकी कालजयी कहानियां हैं। विष्णु प्रभाकर की प्रारंभिक कहानियों में शैली और शिल्प की दृष्टि से जैनेन्द्र का काफ़ी प्रभाव था, लेकिन बाद में उन्होंने अपनी भाषा एवं कहानी शिल्प को बदला और अपनी खुद की एक अलग ही शैली निर्मित की, जो पाठकों को बेहद पसंद आई। विष्णु प्रभाकर की बहुचर्चित कहानी 'धरती अब भी घूम रही है' समाज और व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार और संवेदनहीनता को बड़े ही खूबसूरती से उकेरती है। बच्चों के पात्रों के जरिए उन्होंने व्यवस्था पर कड़े प्रहार किए हैं। इस कहानी ने विष्णु प्रभाकर को काफी लोकप्रियता दिलाई। कहानी का कई भाषाओं में अनुवाद हुआ। विष्णु प्रभाकर ने हिंदू-मुस्लिम संबंधों पर कई प्रभावशाली कहानियां लिखी हैं। भारत का विभाजन उन्होंने अपनी आंखों से देखा था। साम्प्रदायिक दंगों से दो सम्प्रदायों के बीच जो अविश्वास और दुराग्रह पैदा हुए, इन समस्याओं की शिनाख़्त और इनका निराकरण वे अपनी कहानियों के माध्यम से करते हैं। 'अधूरी कहानी', 'मेरा बेटा', 'तांगेवाला', 'मेरा वतन' आदि कहानियों में उन्होंने बंटवारे के बाद के समाज और उसकी मनोविज्ञानिक स्थितियों का मार्मिक चित्रण किया है। यह कहानियां इतनी भावनात्मक हैं कि नफ़रत भरे दिलों में भी बदलाव ला दें।


नारी जिंदगी की विवशता एवं उसके अंतर्द्वंद्व पर विष्णु प्रभाकर ने कई कहानियां लिखीं। 'सच मैं सुंदर हूं', 'एक और दुराचारिणी', 'एक मौत समंदर किनारे', 'हिमालय की बेटी', 'शरीर से परे', 'आश्रिता', 'क्रांति', 'एक और कुंती', 'जिंदगी एक रिहर्सल' ऐसी ही कुछ कहानियां हैं। इन कहानियों की नायिका जीवन की परेशानियों के लिए अपनी किस्मत को जिम्मेदार मानकर, ज़िंदगी से नहीं हार जातीं, बल्कि संघर्ष और एक नई सोच के साथ उन विकराल परिस्थितियों से मुकाबला करती हैं। उन पर विजय प्राप्त करती हैं। महिलाओं की स्वतंत्रता के भी वह पक्षधर थे। नारी नियति की बहुआयामी त्रासदी, विष्णु प्रभाकर के उपन्यासों का केन्द्रीय कथ्य है। महिला समस्याओं के प्रति उनकी संवदेनशीलता और सहानुभूति इन उपन्यासों में स्पष्ट दिखाई देती है। उपन्यास 'अर्द्धनारीश्वर' में वे पाठकों को स्त्री-उत्पीड़न के विविध पक्षों से साक्षात्कार करवाते हैं।'अर्धनारीश्वर' के लेखन में विष्णु प्रभाकर ने संवाद, विवेचन, पत्र, डायरी आदि विविध शैलियों का कलात्मक इस्तेमाल किया है। 'तट के बंधन' में उपन्यास में उन्होंने देश विभाजन और साम्प्रदायिक हिंसा की विभीषिका से पीड़ित स्त्रियों की व्यथा कथा को बेहद संवेदनशीलता से बुना है। 'संकल्प' और 'कोई तो' उपन्यास भी महिलाओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**


---

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष**

# योगः कर्मसु कौशलम्







अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> आज अगर योग को लेकर दुनिया का आकर्षण बढ़ा है और उसके सामर्थ्य और उपयोगिता को पहचाना गया है तो निःसंदेह यह योग की वैज्ञानिक महत्ता का प्रतिफल है। उल्लेखनीय है कि 21 जून 2015 को पहली बार योग दिवस मनाया गया। याद होगा कि 27 सितंबर 2014 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में दुनिया को योग की महत्ता को समझाया और 11 दिसंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी।



आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। दुनिया के सभी देश योग दिवस को पूरी तन्मयता से मना रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक आज तकरीबन 25 करोड़ लोग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से प्रत्यक्ष-परोक्ष रुप से जुड़ेंगे। यह भारत के लिए गौरव का क्षण है। इसलिए कि योग के विज्ञान की उत्पत्ति भारत में हुई है। हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि योग भारत की देन है। भारतीय ग्रंथों में योग परंपरा का विस्तृत उल्लेख है। योग विद्या में भगवान शिव को आदि योगी कहा गया है। भगवान शिव के बाद वैदिक ऋषि-मुनियों ने योग की परंपरा को आगे बढ़ाया। योग शब्द की उत्पत्ति जन्म संस्कृत शब्द युज से हुआ है। इसका अर्थ है स्वयं के साथ मिलन। महर्षि पतंजलि को योग का प्रणेता कहा जाता है। उन्होंने अपने योगसूत्रों के माध्यम से उस समय विद्यमान योग की प्रथाओं, इसके आशय एवं इससे संबंधित ज्ञान को व्यवस्थित एवं कुटबद्ध किया। पतंजलि के अनुसार चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है। सांख्य दर्शन के अनुसार पुरुष एवं प्रकृति के पार्थक्य को स्थापित कर पुरुष का स्व स्वरुप में अवस्थित होना ही योग है।

विष्णु पुराण में कहा गया है कि जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिल नही योग है। भगवद्गीता के अनुसार दुख-सुख, लाभ-अलाभ, शत्रु-मित्र और शीत-उष्ण इत्यादि द्वंदों में समभाव रखना ही योग है। कर्तव्य कर्म बंधक न हो इसलिए निष्काम भावना से उत्प्रेरित होकर कर्तव्य करने का कौशल योग है। आचार्य हरिभद्र के अनुसार मोक्ष से जोड़ने वाले सभी व्यवहार योग हैं। आधुनिक आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर का कहना है कि योग सिर्फ व्यायाम या आसन नहीं है। यह भावनात्मक एकीकरण और रहस्यवादी तत्व का स्पर्श लिए हुए एक आध्यात्मिक ऊंचाई है। प्रसिद्ध संवाद योग याज्ञवल्क्य में जो कि बृहदारण्यक उपनिषद में वर्णित है, में याज्ञवल्क्य और शिष्या ब्रह्मवादी गार्गी के बीच कई सांस लेने संबंधी व्यायाम, शरीर की सफाई के लिए आसन और ध्यान का उल्लेख है। गार्गी द्वारा छांदोग्य उपनिषद में भी योगासन के बारे में कहा गया है। अथर्ववेद में उल्लिखित संन्यासियों के एक समूह वार्ता द्वारा शारीरिक आसन जो कि योगासन के रूप में विकसित हो सकता है पर बल दिया गया है। यहां तक कि संहिताओं में भी उल्लिखित है कि प्राचीन काल में मुनियों, महात्माओं और विभिन्न साधु और संतों द्वारा कठोर शरीरिक आचरण, ध्यान और तपस्या का अभ्यास किया जाता है। महाभारत के शांतिपर्व में भी योग का विस्तृत उल्लेख है।

भारत में उपलब्ध उपषिदों और योग वशिष्ठ में भी योग के बारे में जानकारी मिलती है। योगऋषि पतंजलि के उपरांत अन्य-अनेक भारतीय ऋषियों एवं योगाचार्यों ने योग की परंपरा को आगे बढ़ाया। स्वामी विवेकानंद ने शिकागो के धर्म संसद सम्मेलन में अपने ऐतिहासिक भाषण के जरिए संपूर्ण विश्व को योग की महत्ता से सुपरिचित कराया। महर्षि महेश योगी, परमहंस योगानंद और रमण महर्षि जैसे अनेक पुरोधाओं ने भी योग से पश्चिमी दुनिया को प्रभावित किया। यह योग की बड़ी उपलब्धि है कि उसके शास्त्रीय स्वरुप, दार्शनिक आधार और सम्यक स्वरुप को किसी अन्य धर्म ने नकारा नहीं है। यहां तक कि संसार को मिथ्या मानने वाले अद्वैतावादी भी योग का समर्थन किए हैं। अनीश्वरवादी सांख्य विद्वान भी योग का अनुमोदन करते हैं। बौद्ध ही नहीं मुस्लिम सूफी और ईसाई मिस्टिक भी किसी न किसी प्रकार अपने संप्रदाय की मान्यताओं और दार्शनिक सिद्धांतों के साथ योग का सामंजस्य किए हैं। सच तो यह है कि योग का किसी धर्म विशेष से संबंध नहीं है। यह धर्म, आस्था और अंधविश्वास से परे एक सीधा-सा प्रायोगिक विज्ञान है जो जीने की कला सीखाता है। इसे एक पूर्ण चिकित्सा पद्धति के रूप में भी देखा जाता है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने एक स्थान पर कहा है कि योगः कर्मसु कौशलम्' अर्थात् योग से कर्मों में कुशलता आती है। गीता में कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग की विशद् मीमांसा की गई है। बौद्ध धर्म में कहा गया है कि कुशल चितैकग्गता योगः अर्थात कुशल चित्त की एकाग्रता ही योग है। दूसरी शताब्दी के जैन पाठ तत्वार्थ सूत्र के अनुसार योग मन, वाणी और शरीर सभी गतिविधियों का कुलयोग है। भारतीय दर्शन में, षड् दर्शनों में से एक का नाम योग है। भारत में योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का काम होता है। योग शब्द भारत से बौद्ध धर्म के साथ चीन, जापान, तिब्बत, दक्षिण-पूर्व एशिया और श्रीलंका में फैला। सूफी संगीत के विकास में भारतीय योग अभ्यास का काफी प्रभाव है, जहां वे दोनों शारीरिक मुद्राओं आसन व प्राणायाम को अनुकूलित किया है। प्राचीन काल में योग की इतनी अधिक महत्ता थी कि 11 वीं शताब्दी में भारतीय योगपाठ अमृतकुंड का अरबी व फारसी भाषाओं में अनुवाद किया गया।

आज दुनिया के सभी देशों में योग की स्वीकार्यता बढ़ी है। चीन, सिंगापुर से लेकर अमेरिका तक में लाखों की संख्या में लोग योगासन कर रहे हैं। चीन में हाल के वर्षों में योग बड़े पैमाने पर लोकप्रिय हुआ है। चिकित्सकों की मानें तो योग से न केवल व्यक्ति का तनाव दूर हो रहा है बल्कि मन व मस्तिष्क को शांति भी पहुंच रही है। योग के जरिए दिमाग और शरीर की एकता का समन्वय होता है। योग संयम से विचार व व्यवहार अनुशासित होता है। योग की सुंदरताओं में से एक खूबी यह भी है कि बुढ़े या युवा, स्वस्थ या कमजोर सभी के लिए योग का शारीरिक अभ्यास लाभप्रद है। योगाभ्यास से रोगों से लड़ने की शक्ति में वृद्धि होती है। त्वचा पर चमक बनी रहती है और शरीर स्वस्थ, निरोग व बलवान रहता है तथा अंतश में शांति का उद्भव होता है। भारतीय योग और दर्शन में योग का अत्यधिक महत्व है। एक ओर जहां अंग्रेजी दवाओं के इस्तेमाल से शरीर में कई किस्म की बीमारियां फैल रही है। जबकि दूसरी ओर योगाभ्यास से शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव की संभावना नगण्य है। भारत के लिए गर्व की बात है कि योग को संयुक्त राष्ट्र संघ के शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन 'यूनेस्को' ने भी अपनी प्रतिष्ठित अमूर्त सांस्कृतिक धरोहरों की सूची में शामिल कर लिया है। उल्लेखनीय है कि यूनेस्को के अमूर्त सांस्कृतिक धरोहरों के दायरे में मौखिक परंपराओं और अभिव्यक्तियों, प्रदर्शन कलाओं, सामाजिक रीतियों-रिवाजों और ज्ञान इत्यादि को रखा जाता है। चूंकि अभी तक योग को खेल की विधा माना जाता था, इसलिए इसे अब तक इस सूची में शामिल होने का मौका नहीं मिला था। लेकिन जब भारत सरकार द्वारा योग को दुनिया भर में स्थापित करने का प्रयास तेज हुआ और संयुक्त राष्ट्र को योग की सार्वभौमिक महत्ता से जुड़े प्रमाणिक दस्तावेज भेजा गया तो इथियोपिया के अदिस अबाबा में हुई संयुक्त राष्ट्र की इंटरगवर्नमेंटल समिति ने भारत के इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। उल्लेखनीय है कि योग से पहले भारत की 12 धरोहरें यूनेस्कों की सूची में शामिल हो चुकी हैं-जैसे छाऊ नृत्य, लद्दाख में बौद्ध भिक्षुओं का मंत्रोच्चारण, संकीर्तन-मणिपुर में गाने-नाचने की परंपरा, पंजाब में ठठेरों द्वारा तांबे व पीतल के बर्तन बनाने का तरीका और रामलीला इत्यादि।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

---

**व्यंग्य**

# अथ श्री विक्रम बेताल जल कथा



सुनील कुमार महला
व्यंग्यकार

हर बार की तरह राजा विक्रम फिर बेताल को पेड़ से नीचे उतारता है और पीठ पर लादकर उसे योगी के पास ले जाने के लिए चल देता है। ऐसे में एक बार फिर बेताल राजा विक्रम को बोलने पर विवश करने के लिए एक नई कहानी कहना शुरू करता है। कहानी है, 'जल की'। बेताल बोला - 'गर्मी का मौसम है और इस भीषण गर्मी में इन दिनों चहुंओर जल संकट है। यहां तक कि राजधानी दिल्ली भी इससे अछूती नहीं रही है। बेचारे कभी हरियाणा से तो कभी हिमाचल से पानी मांग रहे हैं। सरकार पशोपेश में है कि आखिर पानी की समस्या का हल हो तो कैसे हो? सभी जल संकट पर यू-टर्न लेते नजर आ रहे हैं।' बेताल, विक्रमादित्य की पीठ पर लदा, कहानी सुना रहा था और कहानी सुनाने के बाद दहाड़ती हुई हंसी के साथ महान् ज्ञानी न्यायप्रिय राजा विक्रमादित्य से बेताल ने पूछा-'बताओ राजा जी! देशवासियों के पास इस जल संकट का क्या हल है?' राजा विक्रम बेताल से कहने लगे- तुम कहते हो देश में पानी की कमी है।

देशवासी तो यूं ही पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। आज मेट्रो शहरों में एयर कंडीशनर बहुत हैं। घरों में, दफ्तरों में। हर जगह एसी ही एसी बिखरे पड़े हैं। कुकुरमुत्ते भी इन एसी की संख्या को देखकर शर्माने लगे हैं। हर तरफ गली-गली, मोहल्ले-मोहल्ले एसी ही एसी पसरे पड़े हैं। यहां तक कि सड़क पर चलती बसों, कारों यहां तक कि हरेक प्रकार की गाड़ियों में एसी लगे हैं। एसी से गर्मी के कारण खूब पानी निकलता है, यदि इस पानी को इकट्ठा कर लिया जाए तो देश के लोगों का काम आसानी से व बखूबी चल सकता है। एक और बात बताऊं- बेताल क्या तुम्हें नहीं पता ट्रेनों के एसी कोचों में भी बड़े व रईस लोग बोतल से पानी पीकर आधी से अधिक मिनरल वाटर बोटल को यूं ही छोड़ देते हैं। इस पानी को इस्तेमाल में लाया जाना चाहिए। मिनरल वाटर पीना चाहिए, पानी के बिना यूं ही मरना क्यों? आजकल घर-घर, दफ्तर दफ्तर वाटर फिल्टर लग गए हैं। इतने कि हर कमरों तक में वाटर प्योरीफायर लगे हैं। बेताल! तुम पानी के पीछे पड़े हुए हो। तुम विकास देखो, विकास। पानी की कमी कहां है? हम लोगों ने तो चांद तक पर पानी ढूढ़ लिया है। जमीं पर तो पानी की कोई कमी है ही नहीं। कमी होती तो क्या हम धड़ाधड़ पेड़ काटते? हम नदियों को इसीलिए तो ईमानदारी से साफ नहीं करते। पानी तो जगह-जगह बिखरा पड़ा है।

बेताल भाई हम तो पानी का विलासिता से उपयोग करते हैं। हम फैक्ट्रियों का रासायनिक कचरा मजे से नहरों और नदियों में डालते हैं। हम सीवर लाइनों का मुंह नदियों की ओर खोलते हैं। हमारे राजनेता वोट की राजनीति के लिए पानी मुफ्त बांटते हैं। भले ही पानी के लिए हमारी आंखों में पानी नहीं है लेकिन हमें पानी की बिल्कुल भी चिंता नहीं है। बहरहाल, वो हमारे मंत्रियों के बेरोजगार पुत्रों ने भी आजकल कमाल कर दिया है, वो अनेक मेट्रो शहरों में जगह जगह पैक्जेड वाटर की फैक्ट्रियां लगवा रहे हैं। इससे शहरों के पीने के पानी की कमी दूर हो गई है। वो उपहार स्वरूप जगह जगह पैक्जेड वाटर की बोतलें बांटते हैं और शहरों में पीने के पानी की कमी दूर करने में अपना योगदान दे रहे हैं। विक्रमादित्य ने बेताल से आगे कहा- सरकारों व प्रशासन को लोगों की खूब चिंता है, वे पानी नहीं छोड़ते। वो क्या है कि पानी छोड़ने से बाढ़ (फ्लड) की समस्या पैदा हो सकती है। लोग भले ही प्यासे मरें, लेकिन बाढ़ से नहीं मरने चाहिए। विक्रम से जल की समस्या पर जवाब पाकर बेताल कहता है, 'बहुत खूब विक्रम, तूने सही जवाब दिया, लेकिन तू भूल गया, मैंने कहा था कि तू बोला तो मैं चला।' इतना कहकर बेताल फिर वहीं पेड़ पर जाकर उल्टा लटक जाता है। आपके दिमाग का दही करने के बाद अब हम भी इस व्यंग्य को लिखने के बाद कमरे में बंद हो जाते हैं, क्योंकि हमें डर है कि आप भी कहीं बेताल की तरह हमसे प्रश्न न पूछने लगें। तो ऐसा है कि हम तो चले। जय राम जी की। गुस्ताख़ी माफ़।

---

**नॉलेज कॉर्नर: बरसात के दौरान चिपचिप से भी पाएं छुटकारा**

# उमस में कूलर देगा ठंडी हवा, अपनाएं ये उपाय

देश के कुछ राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं, दिल्ली, पंजाब समेत कई राज्य अभी भी भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं। हालांकि, आने वाले कुछ दिनों में यहां भी बारिश होगी और लोगों को गर्मी से छुटकारा मिलेगा। फिलहाल मौसम विभाग (IMD) ने भारत के उत्तरी हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ने की संभावनाएं जताई है। वहीं, पूर्वोत्तर के अधिकांश राज्य और दक्षिण भारत में अच्छी बारिश के आसार हैं। जिन इलाकों में गर्मी पड़ रही है, वहां ज्यादातर लोग ठंडी हवा के लिए कूलर का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन जिन इलाकों में बरसात हो रही है वहां, कूलर अपना इफेक्ट खो रहे हैं। इस बारे में जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### बारिश में कूलर का पंप बंद कर दें

अगर आपको बारिश के मौसम में कूलर की ठंडी हवा चाहिए तो इसके लिए सिर्फ उसका पंप बंद करना होगा। दरअसल, बारिश होने के साथ हवा में नमी यानी मॉइस्चर आ जाता है। ऐसे में नम हवा जब कूलर के पंप के जरिए आती है तो वह और ज्यादा मॉइस्ट हो जाती है। इससे कमरे में भी नमी हो जाती है और उसमें उमस भर जाती है। इसके चलते आपको हवा नहीं लगती। हालांकि, आप इस समस्या को केवल कूलर का पंप बंद करके दूर कर सकते हैं और ठंडी हवा का आनंद ले सकते हैं।



दरअसल, बारिश के मौसम में कूलर चलाने पर हवा ठंडी नहीं आती है और कमरे उमस से भर जाती हैं। इसके चलते गर्मी जीना मुहाल कर देती है। ऐसे में अगर आपके इलाके में भी बारिश हो रही है और आपका कूलर भी ठंडी हवा नहीं दे पा रहा है तो आज हम आपको ऐसी ट्रिक बताने जा रहे हैं, जिससे आपका कूलर बारिश के मौसम में भी आपको ठंडी हवा देगा।

### फिन हटा दें

बारिश के मौसम में कूलर की ठंडी हवा पाने के लिए आप उसका पानी निकाल दें और उसे खाली कर दें। इसके अलावा कूलर कोई एक फिन (घास वाली शीट) को हटा दें और फिर कूलर का इस्तेमाल करें। ऐसा करते ही आपका कूलर एक बार फिर ठंडी हवा देने लगेगा। बारिश के मौसम में आपको अपने कमरे के एक्जॉस्ट फौन को भी ऑन कर देना चाहिए, ताकि नम हवा कमरे से बाहर निकल जाए और बाहर की हवा अंदर आ सके। ऐसा करने से कमरे का वेंटिलेशन ठीक रहेगा और कमरे में उमस नहीं होगी।

### कूलर को ड्राई मोड पर चलाएं

*आजकल कूलर कई मोड्स के साथ आते हैं। अगर आपके कूलर में भी ये मोड्स दिए गए हैं, तो आप बारिश के मौसम में कूलर को ड्राई मोड पर चलाएं। इससे नम हवा कमरे में नहीं आएगी और आपका कमरा एकदम ठंडा रहेगा।*

*कंटेंट: गोपाल शर्मा*

---

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi

जम्मू-कश्मीर के युवाओं ने तरक्की का जो रास्ता चुना है, उसे हम और मजबूत करेंगे। इसके साथ ही अमन और इंसानियत के दुश्मनों को सबक सिखाने में भी कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। मुझे विश्वास है कि वो समय जल्द आएगा, जब जम्मू-कश्मीर फिर से राज्य के रूप में अपना भविष्य और बेहतर बनाएगा।

**पश्चिम बंगाल:** भाजपा के तुष्टीकरण के आरोपों की धार कुंद करने की तैयारी में तृणमूल कांग्रेस प्रमुख

# हिंदुओ पर नजर, CM ममता बनर्जी करेंगी जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जुलाई के पहले हफ्ते में पूर्वी मेदिनीपुर जिले के तटीय शहर दीघा में भव्य जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन करने वाली हैं। सूत्रों के मुताबिक, 7 जुलाई से शुरू होने वाले रथ यात्रा उत्सव के पहले दिन सीएम बनर्जी इस नवनिर्मित मंदिर का उद्घाटन कर सकती हैं। इस मंदिर उद्घाटन को राजनीतिक क्षेत्र में ममता बनर्जी के मुस्लिम तुष्टीकरण के भाजपा के आरोपों की धार को कुंद करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट के



मुताबिक, मंदिर बनकर तैयार है लेकिन उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरफ से हरी झंडी मिलने का इंतजार है। अधिकारियों ने बताया कि सीएम बनर्जी रथ यात्रा उत्सव के दौरान ही इस मंदिर का उद्घाटन करेंगी लेकिन तारीख की आधिकारिक घोषणा तभी की जाएगी जब मुख्यमंत्री कार्यालय से औपचारिक तौर पर हरी झंडी मिल जाएगी।

### 22 एकड़ में फैला है मंदिर

इस भव्य मंदिर का निर्माण पश्चिम बंगाल हाउसिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा 143 करोड़ रुपए की लागत से कराया गया है। मंदिर परिसर न्यू दीघा रेलवे स्टेशन से सटे समुद्री तट पर 22 एकड़ में फैला है। यह मंदिर ओडिशा के पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर की प्रतिकृति के रूप में जगन्नाथ धाम के रूप में विकसित की गई है।

### CM ममता का ड्रीम प्रोजेक्ट है जगन्नाथ धाम

जगन्नाथ धाम सीएम ममता का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है। उन्होंने 2019 में ही इस मंदिर की आधारशिला रखी थी। तब उन्होंने दावा किया था कि पुरी के जगन्नाथ मंदिर जैसी ही भीड़ यहां भी जुटेगी। चूंकि 12वीं शताब्दी में चैतन्य महाप्रभु पुरी के जगन्नाथ मंदिर गए थे, इसलिए तब से ही बंगाली हिन्दू परिवारों में प्रभु जगन्नाथ के प्रति गहरी आस्था है। पूरे बंगाल में हर साल रथ यात्रा उत्सव भी धूमधाम से मनाया जाता है।

## मेरी सुरक्षा को खतरा: राज्यपाल बोस

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने गुरुवार को कहा कि उन्हें राजभवन में तैनात कोलकाता पुलिस के मौजूदा दल की वजह से अपनी सुरक्षा को खतरा होने का अंदेशा है। बोस ने हाल ही में पुलिस कर्मियों को राजभवन परिसर खाली करने का आदेश दिया था, जिसके कुछ दिनों बाद यह बयान आया है। हालांकि, पुलिसकर्मी अभी भी राज्यपाल भवन में तैनात हैं।



मीडिया रिपोर्टों के अनुसार बोस ने कहा, मैंने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सूचित किया कि राजभवन में कोलकाता पुलिस के साथ मैं असुरक्षित महसूस कर रहा हूं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। राजभवन के सूत्रों ने बताया कि बोस ने राज्य सरकार से राजभवन में तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा लगातार जासूसी किए जाने की शिकायत की और उन्हें लगता है कि वे बाहर के प्रभावशाली लोगों के कहने पर ऐसा कर रहे हैं। बोस ने कहा, यहां तैनात पुलिसकर्मी मेरी और मेरे अधिकारियों की गतिविधियों की जासूसी कर रहे हैं।

**जरूरी खबर**

### MLC चुनाव पर रोक के लिए SC जाएंगे: राउत



**मुंबई** । शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने गुरुवार कहा कि उनकी पार्टी आगामी महाराष्ट्र विधान परिषद चुनावों पर रोक लगाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का रुख करेगी। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ दलों के जो विधायक चुनाव में मतदान करेंगे, उन्हें अयोग्य ठहराए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत ने अयोग्यता याचिका पर सुनवाई के दौरान टिप्पणी की थी कि सत्तारूढ़ शिवसेना (शिंदे)और अजित पवार नीत राकांपा के विधायकों को अयोग्य ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा, ऐसी परिस्थितियों में जब विधायकों को अयोग्य ठहराया जा सकता है।

### अमरावती पर जारी करेंगे श्वेत पत्र: नायडू



**अमरावती**। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने गुरुवार को अमरावती का दौरा किया और ग्रीनफील्ड राजधानी शहर परियोजना का जायजा लिया। अमरावती राजधानी शहर परियोजना वाई एस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार में पांच वर्षों (2019 से 2024) से लटकी हुई थी। हालांकि, सरकार बदलने के साथ ही नायडू ने राजधानी शहर परियोजना में नई जान फूंक दी है। नायडू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, मैं स्थिति का जायजा लेने गया था कि क्या करना है। हम सभी विवरणों के साथ अमरावती पर एक श्वेत पत्र जारी करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके साथ नगरपालिका मंत्री पी नारायण भी मौजूद थे।

**आरक्षण के मुद्दे पर** नीतीश सरकार को हाई कोर्ट से बड़ा झटका

# बिहार में 65% नहीं, 50 फीसदी ही रहेगा आरक्षण

एजेंसी | पटना

बिहार सरकार को आरक्षण मामले पर ने बड़ा झटका दिया है। दरअसल जातीय सर्वे के बाद बिहार सरकार के द्वारा आरक्षण की सीमा बढ़ाई जाने के फैसले को गुरुवार को पटना हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया। कोर्ट ने आरक्षण बढ़ाने के राज्य सरकार के फैसले को असंवैधानिक करार दिया है। कोर्ट के फैसले के बाद पहले से निर्धारित आरक्षण की सीमा ही बिहार में लागू रहेंगी। जातीय सर्वे के बाद राज्य में एसएसी,एसटी, ओबीसी और ईबीसी के लिए आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी कर दी गई थी। इस कानून के बनने के बाद सवर्णों (आर्थिक रूप से पिछड़े) के 10 प्रतिशत कोटा को मिलाकर कुल आरक्षण 75 प्रतिशत हो गया था।

अदालत ने संबंधित याचिकाओं पर बीते 11 मार्च को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था। मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन एवं न्यायाधीश हरीश कुमार की खंडपीठ ने गुरुवार को बिहार आरक्षण (एससी-एसटी व ओबीसी के लिए) संशोधन अधिनियम, 2023 तथा बिहार (शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए) आरक्षण संशोधन अधिनियम, 2023 को रद्द कर दिया।

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि आरक्षण की सीमा बढ़ाने के पहले न तो कोई गहन अध्ययन किया गया और ना ही सही आकलन किया गया। अदालत ने इसे संविधान प्रदत्त समानता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन भी बताया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 50 फीसदी आरक्षण की सीमा निर्धारित की है। यह दोनों कानून उसका सीधा-सीधा उल्लंघन कर रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि अगर आरक्षण की सीमा बढ़ाने की जरूरत पड़ेगी तो ये संवैधानिक बेंच ही तय करेंगी।




### किस वर्ग के आरक्षण में कितना इजाफा किया गया

- एससी के 16 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया गया था।
- एसटी के एक प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर अब दो प्रतिशत किया गया था।
- पिछड़ा वर्ग को 12 प्रतिशत को बढ़ाकर 18 प्रतिशत और अति पिछड़ा वर्ग के 18 फीसदी आरक्षण को बढ़ाकर 25 फीसदी किया गया था।

### याचिकाकर्ताओं ने यह दी थी दलील

दरअसल, राज्य में 65 प्रतिशत आरक्षण कानून के खिलाफ गौरव कुमार व अन्य लोगों ने पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया है कि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। न कि जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था। बिहार सरकार द्वारा पारित अधिनियम संविधान के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं।

### 21 नवंबर 2023 को गजट किया था प्रकाशित

बिहार सरकार ने 2 अक्टूबर 2023 को जारी जातिवार गणना की रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए आरक्षण की सीमा को बढ़ाने का फैसला किया था। 21 नवंबर 2023 को राज्य सरकार ने इसको लेकर गजट प्रकाशित कर दिया था। इसके बाद से शिक्षण संस्थानों और नौकरी में अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अतिपिछड़ा को 65 फीसदी आरक्षण का लाभ मिल रहा था।

## सुप्रीम कोर्ट जाएगी बिहार सरकार: डिप्टी सीएम चौधरी

इस बीच, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार पटना हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगी। उन्होने कहा कि पटना हाईकोर्ट के फैसले का अध्ययन किया जा रहा है। हम कानूनविदों के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जातीय गणना करा कर बिहार में आरक्षण का दायरा बढ़ाया गया था। वैसे भी बिहार में



सभी वर्गों के लिए आरक्षण है। एससी, एसटी, अति पिछड़ों, पिछड़ों के साथ साथ गरीब सवर्णों को भी आरक्षण दिया गया है। हमें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट से न्याय मिलेगा।

### राजद भी SC में जाने के पक्ष में



मामले पर राजद ने भी सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे को खट खटाने की बात कही है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट नहीं जाएगी तो आरजेडी सुप्रीम कोर्ट जाएगी।

### पुनर्विचार याचिका दायर करें

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट मैं उच्च न्यायलय के आदेश पर तो टिप्पणी नहीं कर सकता पर एक बात स्पष्ट है कि आरक्षण वंचितों का अधिकार है। मैं बिहार सरकार से आग्रह करता हूं, कि उच्च न्यायलय के फैसले को लेकर पुनर्विचार याचिका दायर करें जिससे आरक्षण को बचाया जा सके। ज्ञात रहे इस मामले में सियासत गरमाने के आसार हैं।

**दिल्ली में पेयजल संकट पर रार**

# आतिशी का बेमियादी अनशन आज से

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बीते कई दिनों से व्याप्त जल संकट का कोई समाधान नहीं निकलने के बाद दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठने की घोषणा की है। उन्होंने गुरुवार शाम को एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि जब तक दिल्ली की जनता को हरियाणा से अपने हिस्से का पानी नहीं मिल जाता तब तक के लिए मैं अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठ रहूंगी। आम आदमी पार्टी ने अपील की है कि इंडिया गठबंधन के सभी दलों को अनशन के समर्थन में आगे आना चाहिए। आतिशी ने कहा कि मैं 28 लाख लोगों के लिए सत्याग्रह करूंगी।

आतिशी का अनशन दोपहर 12 बजे से जंगपुरा स्थित भोगल इलाके में शुरू होगा। इससे पहले वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने राजघाट जाएंगी। आतिशी ने बताया कि दिल्लीवालों को अतिरिक्त पानी मिले, इसके लिए हर संभव प्रयास किया, लेकिन, हरियाणा ने पानी नहीं दिया है। इस वजह से अब पानी सत्याग्रह शुरू किया जा रहा है।

वहीं, भाजपा ने दिल्ली सरकार के इस कदम को गैर जिम्मेदाराना बताया है। भाजपा का आरोप है कि आतिशी का अनशन सिर्फ दिखावा है। दिल्ली सरकार अपनी नाकामियों को छिपा रही है। वहीं, आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि दिल्लीवालों ने भाजपा को सात सीटें दी हैं।



### जल बोर्ड मुनाफा कमाने की नहीं, सेवा करने की इकाई

आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने दावा किया कि जल बोर्ड ने दिल्ली की जनता को अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर देने पर जो पैसे खर्च किए हैं, उसे भाजपा घाटा बता रही है। जल बोर्ड मुनाफा कमाने की नहीं, बल्कि सेवा करने की इकाई है। आठ सालों में दिल्ली सरकार ने 7300 किमी नई पाइप लाइन डालने, 3700 किमी पुरानी पाइप लाइनों को बदलने और नए डब्ल्यूटीपी बनाने समेत कई कार्य किए हैं।

**वोटिंग में गड़बड़ी की शिकायत**

# 6 राज्यों की 8 सीटों की EVM होंगी चेक

एजेंसी | नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने 6 राज्यों की 8 सीटों पर लोकसभा चुनाव के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत मिलने के बाद जांच के आदेश दिए हैं। हरियाणा की करनाल और फरीदाबाद सीट पर वोटिंग के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत मिली थी। जबकि तमिलनाडु की वेल्लोर और विरुधुनगर सीट पर भी मतदान के दौरान शिकायत मिली थी। इसके अलावा छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की 1-1 सीटों पर भी ईवीएम से छेड़छाड़ की आशंका जताई गई है। कुल 8 सीटों में भाजपा ने 3 और कांग्रेस ने 2 सीटों में जीत हासिल की थी। बाकी 3 सीटों पर अन्य पार्टियों के उम्मीदवार विजयी रहे थे। आयोग ने आंध्र प्रदेश और ओडिशा की 3 विधानसभा सीटों के लिए भी ईवीएम की जांच के आदेश दिए हैं।

हरियाणा के करनाल से पूर्व सीएम और भाजपा नेता मनोहर लाल खट्टर जीतकर संसद पहुंचे हैं। वहीं, फरीदाबाद से केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर चुनाव जीते हैं।

**नीट पेपर लीक मामला** विपक्षी दलों ने फिर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

# राहुल गांधी ने कसा तंज: युद्ध रुकवा दिया, पेपर लीक नहीं रुकवा पा रहे

एजेंसी | नई दिल्ली

मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट) के पेपर लीक मामले को लेकर विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार को फिर घेरा है। वहीं, बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राजद नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि नीट के पेपर लीक से लाखों बच्चों का भविष्य चौपट हो गया है और इस अपराध के दोषियों को तत्काल पकड़ कर उन्हें सख्त सजा दिए जाने की जरूरत है। राहुल ने प्रधानमंत्री पर पेपरलीक नहीं रोक पाने को लेकर तंज करते हुए कहा, दावा किया जाता है कि मोदी युद्ध रुकवा देते हैं,लेकिन वह पेपर लीक नहीं रुकवा पा रहे हैं या फिर वह पेपर लीक रोकना नहीं चाहते। उन्होंने यह भी कहा कि पेपर लीक मामले को लोकसभा में उठाया जाएगा।

गांधी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा,पेपरलीक खतरनाक बीमारी है और इसकी प्रयोगशाला सबसे पहले गुजरात ही रही है। फिर यह मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश तक व्यापक रूप से फैली है।



### यह भी बोले राहुल

- दोषियों को तत्काल पकड़ कर सख्त सजा दिए जाने की जरूरत
- पेपर लीक खतरनाक बीमारी, इसका एपिक सेंटर BJP शासित राज्य

### शिक्षा के सिस्टम पर एक संगठन काबिज

राहुल गांधी ने कहा कि एक संगठन शैक्षिणक संस्थानों पर काबिज हो चुकी है। वे हर पोस्ट पर अपने ही लोगों को बैठाते हैं। हमें इस सिस्टम को रिवर्स करना होगा। जब तक इनसे संस्थानों को नहीं छीना जाएगा, इस तरह से पेपर लीक होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा सरकार के कारण शैक्षणिक, राष्ट्रीय तथा संस्थागत संकट चल रहा है। यह सारे संकट भाजपा की नीतियों के कारण पैदा हुए हैं। मध्य प्रदेश में व्यापम घोटाला हुआ है और अब भाजपा सरकार इस व्यापम को पूरे देश में फैला रही है। यह बीमारी तब तक फैलती रहेगी जब तक विचारधारा विशेष के लोगों को संस्थानों में बिठाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्य पेपरलीक मामले का एपिक सेंटर बने चुके हैं।

### हमने चुनाव घोषणा पत्र में दी थी कानून बनाने की गारंटी

उन्होंने यह भी कहा कि हमारे चुनाव घोषणा पत्र न्यायपत्र में हमने पेपर लीक के विरुद्ध सख्त कानून बना कर युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने की गारंटी दी थी। विपक्ष की जिम्मेदारी निभाते हुए हम देश भर के युवाओं की आवाज सड़क से संसद तक मजबूती से उठा कर और सरकार पर दबाव डाल कर ऐसी कठोर नीतियों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### BJP ने किया पलटवार, राजस्थान का दिया उदाहरण

भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि देश में पेपर लीक का सबसे बड़ा केंद्र तत्कालीन अशोक गहलोत की सरकार के दौरान राजस्थान रहा है। इस पेपर लीक का मास्टर-माइंड राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में शामिल रहा। उधर भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी ने राजस्थान में पेपर लीक पर कभी भी एक शब्द भी नहीं कहा।

### डिप्टी सीएम सिन्हा ने तेजस्वी को घेरा, पूछा- यादवेंदु से क्या संबंध

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने तेजस्वी यादव और राष्ट्रीय जनता दल पर हमला बोला है। गुरुवार दोपहर पटना में पत्रकारों के सामने उन्होंने कुछ कॉल डिटेल्स दिखाए और तेजस्वी यादव को घेरने की कोशिश की। उन्होंने पूछा कि पेपरलीक केस में गिरफ्तार हुए सिकंदर प्रसाद यादवेंदु का तेजस्वी और लालू यादव से क्या संबंध है? यह उन्हें स्पष्ट करना चाहिए। सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी के पीएस प्रीतम कुमार के कहने पर ही पेपर लीक मामले में शामिल एक अभ्यर्थी के लिए एनएचएआई के गेस्ट हाउस का दरवाजा खुला था। प्रीतम ने सिकंदर प्रसाद यादवेंदु (दानापुर नगर परिषद जूनियर इंजीनियर) के परिजनों के नाम से गेस्ट हाउस में रूम बुक करवाया था विजय सिन्हा ने दावा किया कि सॉल्वर गैंग के तार राजद से जुड़े हुए हैं।

## जरूरी खबर

### बांग्लादेश की PM शेख हसीना का भारत दौरा आज से

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शुक्रवार से दो दिवसीय भारत दौरे पर आएंगी। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर यहां आ रही हैं। शेख हसीना जुलाई में चीन का भी दौरा करने वाली हैं। उनकी भारत यात्रा को बांग्लादेश के दोनों देशों के बीच संतुलन बनाने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार अपनी यात्रा के दौरान हसीना पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी। इसके अलावा वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करेंगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर का भी हसीना से मिलने का कार्यक्रम है। इससे पहले शेख हसीना हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुईं थीं। ज्ञात रहे कि बांग्लादेश भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति के तहत एक महत्वपूर्ण साझेदार है।

### आतंकी लखबीर व उसके गुर्गों की होगी धरपकड़

**जालंधर।** पंजाब भर में रंगदारी के लिए धमकियों भरे फोन करवाने के मामले में नामजद आतंकी लखबीर और उसके साथी यादविंदर के सारे गुर्गों की पुलिस लिस्ट बना रही है।


इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अलग-अलग जगह छापेमारी कर रही है। जालंधर पुलिस की एक टीम आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए तरनतारन में छापेमारी करने के लिए पहुंची। पुलिस ने वहां कई जगह पर छापेमारी की। वहीं, राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने गुरुवार के कई राज्यों में छापेमारी की और नामित आतंकवादी लखबीर सिंह संधू उर्फ लांडा से जुड़े एक प्रमुख सदस्य को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि जिन लोगों की तलाश में जालंधर पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने वहां पर छापेमारी की उनको इसकी पहले भनक लग गई थी।

### भारत ने कनाडा से दर्ज कराया विरोध

**नई दिल्ली ।** भारत ने गुरुवार को वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के सामने खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों द्वारा नागरिक अदालत आयोजित करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाने पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। संयुक्त सचिव (अमेरिका) नागराज नायडू ने दिल्ली में कनाडाई उप उच्चायुक्त को तलब किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया। भारत ने जस्टिन ट्रूडो सरकार द्वारा खालिस्तानियों को खुली छूट दिए जाने पर भी कड़ी आपत्ति जताई। भारत ने यह कदम कनाडा की संसद ने आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की स्मृति में एक मिनट का मौन रखने के बाद उठाया है।

## पीएम मोदी ने किया युवाओं के संबोधित





*श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम युवाओं का ' सशक्तीकरण, जम्मू-कश्मीर में बदलाव' में युवाओं को संबोधित किया*

### भारत का सुपर आठ में विजयी आगाज

**बारबाडोस ।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने टी20 विश्व कप में अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की। भारत ने अफगानिस्तान को 47 रनों से हराया और सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में जीत दर्ज की। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 181 रन बनाए। जवाब में बुमराह और अर्शदीप ने तीन-तीन विकेट झटके जिसके दम पर भारत ने 20 ओवर में अफगानिस्तान को 134 रनों पर ढेर कर दिया। अफगानिस्तान के लिए अजमातुल्लाह ओमरजई ने 20 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से सर्वाधिक 26 रन बनाए। भारतीय गेंदबाजों ने इस मैच में भी दमदार प्रदर्शन किया और स्कोर का बचाव करने में सफलता हासिल की। भारत का सामना अब शनिवार को बांग्लादेश से होगा। भारत सुपर आठ चरण के ग्रुप एक में दो अंक लेकर शीर्ष स्थान पर है।

### PM मोदी J&K के दौरे पर, 1800 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का शुभारंभ

# आर्टिकल 370 की दीवार गिरी होंगे चुनाव, मिलेगा राज्य का दर्जा

**एजेंसी** | श्रीनगर

लोकसभा चुनाव के बाद जम्मू कश्मीर के पहले दौरे पर गुरुवार को श्रीनगर पहुंचे धानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है क्योंकि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है। यहां शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने यह बात कही। उन्होंने घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर में जल्द विधानसभा चुनाव होंगे और पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के दौरान जम्मू-कश्मीर में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों की 1,800 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इन परियोजनाओं को केंद्र शासित प्रदेश के 20 जिलों के 90 प्रखंडों में लागू किया जाएगा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में सरकारी नौकरियों के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग स्थानीय स्तर पर अपने प्रतिनिधि चुनें, इससे बेहतर और क्या होगा। अब विधानसभा चुनाव की तैयारी भी शुरू चुकी है। वो समय दूर नहीं, जब आप अपने वोट से जम्मू-कश्मीर की नई सरकार चुनेंगे। वो दिन जल्द आएगा, जब जम्मू-कश्मीर राज्य के रूप में अपना भविष्य बनाएगा।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में मिला जनादेश का संदेश स्थिरता का है। देश ने आज से 20 साल पहले अस्थिर सरकार का लंबा दौर देखा है। उस अस्थिरता और अनिश्चितता के कारण भारत के टेक ऑफ करने का जब दौर था, उस समय देश को नुकसान हुआ। उस दौर को पीछे छोड़कर भारत स्थिर सरकार के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत हुआ है।




### जम्मू कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे

पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर में हिंसा फैलाने वाले आतंकियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। अमन के दुश्मनों को कश्मीर की प्रगति पसंद नहीं है। हाल ही जो आतंकी गतिविधियां हुई हैं, उसे सरकार ने गंभीरता से लिया है। गृह मंत्री ने समीक्षा की है। जम्मू कश्मीर की पीढ़ी स्थाई शांति से जीये। शांति के रास्ते को और मजबूत करेंगे।

### हर दूरी को मिटाने की पूरी कोशिश

उन्होंने कहा कि पिछले साल दो करोड़ से ज्यादा पर्यटक यहां आए हैं। इससे स्थानीय लोगों का रोजगार बढ़ता है। आय बढ़ती है और कारोबार का विस्तार होता है। पीएम मोदी ने कहा कि हर दूरी को मिटाने के लिए हम हर कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर में प्रजातंत्र का फायदा हर परिवार को मिले। हर किसी की तरक्की हो। हम सभी को मिलकर काम करना है। केंद्र सरकार से पैसे पहले भी आते थे। आज केंद्र सरकार से आई पाई-पाई आप पर खर्च हो रही है। जिस काम के लिए पैसा दिल्ली से निकला है, उसका परिणाम भी नजर आए। उन्होंने कहा कि देश ने पिछड़ा रिकॉर्ड तोड़ा है। यह भारत की प्रजातंत्र और संविधान के बनाए रास्ते पर चलकर नई इबारत लिखने की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में आ रहा बदलाव सरकार के बीते दस सालों का नतीजा है।

### चिनाब रेल पुल: मेमू ट्रेन का परीक्षण सफल

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने जम्मू-कश्मीर में कश्मीर घाटी को शेष भारत से रेल लिंक से जोड़ने की दिशा में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की और संगलदान से रियासी तक करीब 46 किलोमीटर के खंड पर मेमू ट्रेन का पहली बार सफल परीक्षण किया जिसमें दुनिया का सबसे ऊंचा चिनाब रेल पुल शामिल है। जम्मू-कश्मीर को एक वैकल्पिक और विश्वसनीय परिवहन प्रणाली प्रदान करने के उद्देश्य से उधमपुर से बारामूला तक कश्मीर घाटी को भारतीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ने वाली लंबी रेलवे लाइन का केवल 17 किलोमीटर का भाग बाकी रह गया है।

### योग: मुख्य समारोह श्रीनगर में, पीएम मोदी करेंगे शुरुआत

**नई दिल्ली।** दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य समारोह जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में होगा जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में करीब सात हजार लोग योगाभ्यास करेंगे। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम श्रीनगर में डल के किनारे होगा।

इस विशेष अवसर एक हजार से अधिक लोग प्रधानमंत्री के साथ श्रीनगर में डल झील के तट पर एकत्रित होंगे। "स्वयं और समाज के लिए योग" की मुख्य विषय वस्तु पर आधारित इस समारोह में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग के अभ्यास के माध्यम से वैश्विक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने का संदेश देकर हजारों प्रतिभागियों को एक साथ लाना है। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे और सामान्य योग प्रोटोकॉल सत्र में भाग लेंगे। मंत्रालय के अनुसार इस वर्ष का योग उत्सव पूरे देश में मनाया जाएगा। विश्व स्तर पर, विदेशों में दूतावास और भारतीय मिशन इस उत्सव में शामिल होंगे।

### मानसून ने फिर पकड़ी रफ्तार

## बिहार से लेकर दिल्ली-NCR तक बादलों का डेरा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि 10 दिनों की सुस्ती के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून गुरुवार को उत्तर की ओर बढ़ चला है। यह पिछले कई दिनों से गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और दक्षिणी आंध्र प्रदेश में ठिठका पड़ा था। अब बिहार से लेकर यूपी, झारखंड और दिल्ली -एनसीआर तक आसमान में बादलों ने डेरा डाल रखा है। वातावरण में आर्द्रता भी बनी हुई है। दिल्ली में गुरुवार को आर्द्रता 67 प्रतिशत से 46 प्रतिशत के बीच रही।

आईएमडी ने ताजा पूर्वानुमानों में कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान मानसून गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, गंगा और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ और हिस्सों को कवर कर लेगा और इस दौरान वहां भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। मानसून के आगे बढ़ने की परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। आईएमडी ने बताया कि गुरुवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा जो मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री अधिक है जबकि न्यूनतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसम के औसत तापमान से दो डिग्री सेल्सियस अधिक है। आईएमडी ने कहा, वर्तमान पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से आने वाली निचले स्तर की पूर्वी हवाओं के प्रभाव से गुरुवार को दिल्ली में लू की स्थिति में कमी आई।

बता दें कि केरल तट पर मानसून के पहुंचने और कई अन्य राज्यों को तेजी से कवर करने के बाद 10 से 19 जून के बीच उसमें कोई महत्वपूर्ण प्रगति नहीं हुई थी। इससे उत्तर भारत में मानसून का इंतजार बढ़ गया और लोग भीषण गर्मी से जूझने लगे।

### कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसा

## मालगाड़ी चालक दल ने की थी सिग्नल की अनदेखी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल में कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसे की शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि मालगाड़ी के चालक दल और जलपाइगुड़ी डिवीजन के परिचालन विभाग की लापरवाही से हादसा हुआ। सोमवार को एक मालगाड़ी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को दार्जिलिंग जिले के फांसीदेवा इलाके में पीछे से टक्कर मार दी थी। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में यात्री ट्रेन का गार्ड और मालगाड़ी का चालक भी शामिल है। हादसे के बाद रेलवे बोर्ड की चेयरपर्सन जया वर्मा सिन्हा ने कहा था कि मालगाड़ी के ड्राइवर ने सिग्नल को अनदेखा किया, जिस वजह से यह हादसा हुआ। रेलवे सेफ्टी के कमिश्नर इस हादसे की विस्तृत जांच कर रहे हैं। वहीं, हादसे के तुरंत बाद रेलवे ने छह वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम बनाई, जिसे शुरुआती जांच का जिम्मा दिया गया था।

### दुनिया में हर चौथा बच्चा भुखमरी का शिकार

# भारत में हालात पाकिस्तान से भी बदतर, 40% बच्चे गंभीर गरीबी में

- UNICEF की रिपोर्ट में दावा
- पांच साल तक के बच्चे शामिल हैं अध्ययन में

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चाइल्ड पॉवर्टी को लेकर यूनिसेफ ने एक रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। भारत दुनिया के सबसे खराब देशों में शामिल है, जहां बच्चों को उचित आहार नहीं मिल पाता। भारत से बेहतर स्थिति पाकिस्तान की है। दक्षिण एशियाई देशों की बात करें तो चाइल्ड पॉवर्टी में भारत से ख़राब हालात अफगानिस्तान में हैं। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया का हर चौथा बच्चा भुखमरी का शिकार है और अच्छे आहार के लिए संघर्ष कर रहा है। 181 मिलियन बच्चों में 65 फीसदी गंभीर भुखमरी में जीने को मजबूर हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में 5 वर्ष से कम आयु के 3 में से 2 बच्चे (66%) भुखमरी का शिकार हैं। यह अनुमानित 440 मिलियन बच्चों के बराबर है, जिन्हें पौष्टिक और उचित आहार नहीं मिल पा रहा है। भारत को लेकर रिपोर्ट इसलिए भी चौंकाने वाली है क्योंकि गंभीर बाल खाद्य गरीबी की श्रेणी में 40 प्रतिशत के अलावा 36 प्रतिशत बच्चे भारत में मध्यम बाल खाद्य गरीबी की चपेट में हैं। इस हिसाब से दोनों का आंकड़ा मिलाकर 76 प्रतिशत तक पहुंचता है, जो बताता है कि दक्षिण एशिया में भारत अफगानिस्तान के बाद दूसरा सबसे खराब देश है।

रिपोर्ट के अनुसार, गंभीर बाल खाद्य गरीबी में रहने वाले बच्चों का प्रतिशत बेलारूस में 1 प्रतिशत से लेकर सोमालिया में 63 प्रतिशत तक है। सोमालिया के बाद गिनी (54%), गिनी-बिसाऊ (53%), अफगानिस्तान (49%), सिएरा लियोन (47%), इथियोपिया (46%) और लाइबेरिया (43%) में सबसे बुरे हालात हैं। भारत में बाल खाद्य गरीबी का आंकड़ा 40% है जो बहुत गंभीर श्रेणी में आता है। भारत से बेहतर स्थिति पाकिस्तान की है, यहां 38 फीसदी बच्चे भुखमरी का शिकार हैं। रिपोर्ट से पता चला है कि भारत उन 20 देशों में से एक है, जहां बच्चों को जरूरी पोषक आहार नहीं मिल पा रहा है। भारत के साथ इस श्रेणी में अफगानिस्तान और पाकिस्तान भी शामिल हैं।



### भारत में बच्चों को नहीं मिलता पौष्टिक आहार

रिपोर्ट के अनुसार, गंभीर बाल खाद्य गरीबी में रहने वाले बच्चों का प्रतिशत बेलारूस में 1 प्रतिशत से लेकर सोमालिया में 63 प्रतिशत तक है। सोमालिया के बाद गिनी (54%), गिनी-बिसाऊ (53%), अफगानिस्तान (49%), सिएरा लियोन (47%), इथियोपिया (46%) और लाइबेरिया (43%) में सबसे बुरे हालात हैं। भारत में बाल खाद्य गरीबी का आंकड़ा 40% है जो बहुत गंभीर श्रेणी में आता है। भारत से बेहतर स्थिति पाकिस्तान की है, यहां 38 फीसदी बच्चे भुखमरी का शिकार हैं। रिपोर्ट से पता चला है कि भारत उन 20 देशों में से एक है, जहां बच्चों को जरूरी पोषक आहार नहीं मिल पा रहा है। भारत के साथ इस श्रेणी में अफगानिस्तान और पाकिस्तान भी शामिल हैं।

### 92 देशों में किया गया अध्ययन

यूनिसेफ अनुसार विश्व स्तर पर 4 में से 1 बच्चा गंभीर श्रेणी में आता है और वह बहुत खराब आहार पर जीवन जी रहा है। यूनिसेफ ने 'चाइल्ड न्यूट्रीटन रिपोर्ट 2024' में 92 देशों पर अनुसंधान किया। यूनिसेफ की बाल खाद्य गरीबी को लेकर जारी रिपोर्ट में 5 वर्ष तक के बच्चों को शामिल किया जाता है। इसमें यह पता लगाया जाता है कि बच्चों को पौष्टिक और विविध आहार मिल पा रहा है या नहीं? गंभीर बाल खाद्य गरीबी में बच्चों के लिए खराब भोजन, खराब माहौल और बच्चों और उनके परिवारों को प्रभावित करने वाली घरेलू आय भी शामिल है। इस रिपोर्ट में गरीब और उससे ऊपर जीने वाले दोनों परिवारों को लेकर शामिल किया जाता है।

### बॉलीवुड एक्ट्रेस महक चहल और डिप्टी सीएम दिया कुमारी करेंगी मोटिवेट

# वृंदावन की माताओं का होगा सम्मान जानी-मानी हस्तियां भी होंगी रैंप पर

**बेधड़क.जयपुर।** वृंदावन में सैकड़ों माताएं हैं, जिनको सपोर्ट की जरूरत है और इसी को देखते हुए उनके लिए शेल्टर होम्स तैयार कराए जा रहे हैं। अब उनको जयपुर बुलाया जाएगा और गुलाबी नगरी के फाइव स्टार मंच पर उनको सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश की डिप्टी सीएम दिया कुमारी, बिग बॉस फेम शबा और एक्ट्रेस महक चहल मंच पर रहेंगी और नारी शक्ति को प्रोत्साहित करेंगी। यह कहना था बोधी ट्री जयपुर की संचालिका शोभा का, जो रविवार को जयपुर के नोवोटेल होटल में होने वाले अवॉर्ड शो का पोस्टर लॉन्च कर रही थीं। इस मौके पर बॉलीवुड अभिनेत्री सबा, आयोजक शुभा गुप्ता, बसंत जैन, एनके जैन, महेंद्र सिंघवी, श्वेता लुणावत, दीप्ति सैनी, अनिल गोयल, संजय झंवर, निर्मल सांगी, बलविंदर बालिया, ममता शाह, कन्नू मेहता, सरोज चौधरी आदि मौजूद रहे।









### 8 रूम का आश्रय गृह तैयार, 16 की हो रही तैयारी

उन्होंने बताया कि वृन्दावन की विधवाओं के लिए आश्रय गृह बनवाए जा रहे हैं, जिसमें पहली कड़ी में 8 रूम का घर तैयार है और 16 रूम्स के नए शेल्टर हाउस की शुरुआत होने जा रही है। इसके लिए मुहिम बोधी ट्री द्वारा चलाई गई है।

### लाइव प्रस्तुति और रैंप वॉक होंगे आकर्षण

जयपुर में होने वाले इस अनूठे समारोह में गायक शिवम सदाना लाइव प्रस्तुति होगी और एक रैंप शो आयोजित किया जाएगा। शो के जरिए मैसेज दिया जाएगा कि सिर्फ परिधानों और शरीर की खूबसूरती ही सब कुछ नहीं होती है, बल्कि माताओं की सेवा करना भी एक तरह की खूबसूरती है।

### डिग्निटरीज करेंगी वॉक, कलेंडर होगा लॉन्च

बोधी ट्री ओनर शुभा गुप्ता और सिद्धि गुप्ता ने कहा कि प्रोग्राम में फैशन वॉक आयोजित की जाएगी, जिसमें शहर के प्रसिद्ध लोग वॉक करते नजर आएंगे। साथ ही एक कैलेंडर लॉन्च किया जाएगा। कार्यक्रम में 400 से अधिक शहर के जाने-माने लोग एक छत के नीचे होंगे।

## यूथ को सिखा रहे सॉफ्ट स्किल्स



**बेधड़क. जयपुर।** युवाओं के लिए सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत की गई। इस मौके पर कानोड़िया कॉलेज में जयपुर के टीचिंग-लर्निंग सेंटर व अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अशैक्षणिक कार्मिकों को विशेषज्ञों ने टिप्स दिए। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सीमा अग्रवाल ने की। उन्होंने अशैक्षणिक कर्मचारियों के बहुआयामी विकास के लिए सॉफ्ट स्किलस के महत्व को बताया। कार्यक्रम के पहले दिन डॉ. प्रीति शर्मा द्वारा संचार कौशल (कम्युनिकेशन स्किलस) के विभिन्न पहलुओं के बारे में कार्मिकों को जानकारी दी गई। मंच संचालन डॉ. रीमा श्रीवास्तव ने किया।

## कैंप क्लोजिंग सेरेमनी आज

**बेधड़क. जयपुर।** हेरिटेज आंगन में कल्चरल हेरिटेज ट्रेनिंग कैंप की क्लोजिंग सेरेमनी आयोजित की जाएगी। मौका होगा शुक्रवार को सिटी पैलेस में कैंप के समापन विभिन्न एक्टिविटीज का, जिसमें एक महीने से चल रहे कैंप की जानकारी भी दी जाएगी। इस मौके पर युवाओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

## टीम 10 ट्री एंबुलेंस ने किया श्रमदान



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर की टीम 10 ट्री एंबुलेंस ने विद्याधर नगर के सेक्टर 2 में केसरी मोबाइल प्वाइंट से श्मशान घाट की तरफ जाने वाली रोड साइड ग्रीन बेल्ट में प्लांटेशन किया। इस मौके पर युवाओं ने श्रमदान करते हुए लोगों को सीख दी। एक अन्य ग्रुप ने दीवारों पर और रेलिंग पर रंग किया तो कॉलोनी के लोहे के गेट्स पर ऑयल पेंट किया गया। साथ ही पेड़ों में पानी डालते हुए उनको संरक्षण देने का मैसेज दिया।

## City इवेंट्स

### भागवत कथा में रुक्मणि विवाह का वर्णन



**बेधड़क. जयपुर।** राजधानी के दुर्गापुरा स्थित जादोन नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन रुक्मणि विवाह का प्रसंग सुनाया गया। कथा वाचक आचार्य व्यास पंडित महावीर शास्त्री बृजधाम, रसिया बाले ने भगवान कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया। इस दौरान भगवान कृष्ण का वृंदावन आगमन, गिर्राज पर्वत धारण, मथुरा आगमन, कंश वध और रुक्मणि विवाह प्रसंग सुनाया। इस दौरान भगवान कृष्ण रुक्मणि विवाह की झांकी भी सजाई गई। इस बीच श्रद्धालुओं ने विभिन्न उपहार से रुक्मणि का कन्यादान भी किया। इससे पहले कृष्ण जन्म, गोवर्धन पूजा का वर्णन किया गया। कथा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को कथा का समापन होगा। इस दौरान संपूर्ण यज्ञ आहुति दी जाएगी। साथ ही भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### रेलवे कर्मी करेंगे योगाभ्यास

**बेधड़क. जयपुर।** उत्तर-पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल पर 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम पर 10वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर मंडल का मुख्य योगाभ्यास कार्यक्रम शुक्रवार को अरावली अधिकारी क्लब गणपति नगर में होगा। इस मौके पर जयपुर डीआरएम विकास पुरवार ने बताया कि योग दिवस के उपलक्ष्य में 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम पर आधारित रेलवे का योगाभ्यास का मुख्य कार्यक्रम होगा। साथ ही मंडल के रेलवे स्टेशनों, रेलवे हॉस्पिटल व अन्य कार्यालय में योगाभ्यास किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न योगाचार्य द्वारा रेलवे अधिकारियों व कर्मचारियों को योगाभ्यास कराएंगे। रेलवे के इस कार्यक्रम में नगर के आम नागरिक भी सम्मिलित हो सकेंगे।

### कृष्ण-बलराम को दही-चिवड़े का भोग



**बेधड़क. जयपुर।** श्री कृष्ण बलराम मंदिर में पानीहाटी चिवड़ा दही उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भगवान के दर्शन करने के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। उत्सव की तैयारियां मंदिर में बहुत दिनों से चल रही थी। मन्दिर अध्यक्ष अमितासन दास ने बताया कि मंदिर में श्री श्री कृष्ण-बलराम को अलग-अलग प्रकार के चिवड़ा-दही का भोग लगाया गया। साथ ही विशेष संकीर्तन का आयोजनकिया गया। श्री श्री गौर निताई के पालकी उत्सव में उनका अभिषेक किया गया।

### संगीतकार अजय पांडेय और राजेश सिंह करेंगे शिरकत

## 'आवाज और अल्फाज' ऑडिशन में उभरती प्रतिभाओं को मिला मंच



**बेधड़क** | जयपुर

सृजन द स्पार्क ने तीन सृजन म्यूजिकल सितारों की खोज पूरी की है। इस सफर में उभरती प्रतिभाओं ने न केवल अपना हुनर प्रस्तुत किया, बल्कि अपने संगीत के प्रति प्रेम को भी लोगों के सामने रखा। ऐसे सुर साधे कि जज करने वाले भी सुनकर दंग रह गए और प्रशंसा करने से खुद को नहीं रोक पाए। मौका था संस्था द्वारा आयोजित 'आवाज और अल्फाज के ऑडिशन कार्यक्रम का। ऑडिशंस में रोबिन काला, प्रियंका कानूनगो और संजीव जैन ने टॉप थ्री का पद हासिल किया। कार्यक्रम के बारे में संस्था समन्वयक शुब्रा बोहरा ने बताया कि दुनिया में संगीत और संगीतकारों को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसे में हमने 'आवाज और अल्फाज' कार्यक्रम के द्वारा नवीन गायकों को मंच प्रदान करने की कोशिश की है। ऑडिशंस में चयनित तीनों प्रतिभागीयों को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 29 जून को बड़े मंच पर गाने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम में संगीतकार अजय पांडेय और राजेश सिंह अपने संगीत का जादू बिखेरेंगे। तीनों को पदमश्री कलाकारों ने जज किया। इस मौके पर कलाकारों ने अलग-अलग अंदाज में ऑडिशन देकर जजेज को प्रभावित करते हुए सलेक्ट हुए। इस दौरान कलाकारों और विशेषज्ञों के बीच इंटरेक्शन भी हुआ और संगीत पर चर्चा करते हुए उसके भविष्य पर बात की।

### श्रीवंत सिंह और संजय सिंह देंगे प्रस्तुति

## विश्व संगीत दिवस पर गूंजेंगे सुरीले नगमे और कबीर वाणी



**बेधड़क** | जयपुर

जवाहर कला केन्द्र की ओर से विश्व संगीत दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नव को पहचान व अनुभव को सम्मान के ध्येय के साथ कार्यक्रम में नए व अनुभवी कलाकारों की गायन प्रस्तुति का लुत्फ कला प्रेमी उठा सकेंगे।

शुक्रवार शाम 6:30 बजे रंगायन सभागार में जूनियर समर कैम्प के प्रतिभागी प्रस्तुति देंगे। शाम 7 बजे से श्रीवंत सिंह और संजय सिंह की सुरीली आवाज में नगमे गूंजेंगे। श्रीवंत सिंह साल 2023 में ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेटेड हो चुके हैं।

वहीं, 22 जून का दिन संत कबीर से जुड़ी प्रस्तुतियों के नाम रहेगा। सुबह 7 से साढे आठ बजे शिल्पग्राम में राजमल मालवीय और ग्रुप के कलाकार कबीर वाणी की प्रस्तुति देंगे। दोपहर में कृष्णायन में 'कबीर साहित्य और उसकी प्रासंगिकता' विषय पर संवाद प्रवाह होगा। लोकेश कुमार सिंह 'साहिल' मॉडरेशन करेंगे, जबकि सोम प्रकाश शर्मा, जगदीश मोहन रावत, डॉ. सुशीला शील वक्ता रहेंगी। इसके बाद काव्य गोष्ठी का आयोजन होगा, जिसमें आशुतोष तिवारी, याचना फांसल, ऋषि दीक्षित, मीरा दिव्या सिसोदिया आदि कवि हिस्सा लेंगे।

इस दौरान शाम को रंगायन कार्यक्रम में महेशाराम मेघवाल व समूह के कलाकार कबीर गायन पेश करेंगे।

**विश्व सिनेमा पर चर्चा** | इंटरनेशनल टॉर्च कैंपेन का वियतनाम से आगाज

## अपनी बात कहते हैं और बढ़ जाते हैं... यही हमारी संस्कृति

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टीवल (जिफ) द्वारा आयोजित इंटरनेशनल टॉर्च कैंपेन का आगाज वियतनाम की राजधानी हनोई में हुआ। इस अवसर पर वियतनाम फिल्म उद्योग के कई दिग्गजों, फिल्म असोसिएशंस, फिल्म निर्माताओं, कलाकारों और मीडिया संवाददाताओं ने भाग लिया।

इसका उद्देश्य विश्व सिनेमा को प्रमोट करना और विश्व सिनेमा को फिर से परिभाषित करना है। कैंपेन के लॉन्चिंग समारोह की मुख्य अतिथि माई थू हुईन-निर्देशक, निर्माता, अभिनेत्री और टिनकॉम मीडिया की सीईओ रहीं तो विशिष्ट अतिथि गुयेन फुओंग होआ-संस्कृति, खेल और पर्यटन मंत्रालय के अंतरराष्ट्रीय सहयोग विभाग की निदेशक, डो क्वोक वियत-वियतनाम सिनेमा विभाग के उपनिदेशक, डॉ. एनगो फुओंग लान-वियतनाम सिनेमा प्रचार और विकास एसोसिएशन अध्यक्ष, गुयेन वान टैन-वियतनाम सिनेमा एसोसिएशन उपाध्यक्ष आदि रहे।




### हमारे पास महान सिनेमा

इस मौके हनु रोज ने नमस्ते हनोई, नमस्ते वियतनाम, मेरे प्यारे भाइयों, बहनों, दोस्तों, मीडिया मित्रों और फिल्म बिरादरी कहकर शुरुआत की। उन्होंने कहा, कि आप मेरे साथ शब्दों, भावनाओं, दिल और दिमाग के जरिए किसी भी रिश्ते में यात्रा कर सकते हैं। कहा, कि मैं और मेरे देश को किसी से कभी कोई शिकायत नहीं रही। हम अपनी बात कहते हैं और आगे बढ़ जाते हैं। ये ही हमारी संस्कृति है। हमने इसी तरह सिनेमा को अपने देश में आगे बढ़ाया और हमारे पास महान सिनेमा है।

### खुल रहे हैं सहयोग के अवसर

वियतनाम सिनेमा एसोसिएशन उपाध्यक्ष गुयेन वान टैन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सिनेमा मशाल अभियान एशियाई के अद्वितीय मूल्यों को एक साथ फैलाने के लिए क्षेत्र और दुनिया भर में सिनेमा कार्यकर्ताओं को इकट्ठा करने में योगदान देगा। निर्माता, अभिनेत्री हुयेन थू माई कहा कि 'वियतनामी सिनेमा और भारतीय सिनेमा के संदर्भ में विश्व सिनेमा' चर्चा से दोनों देशों के बीच सहयोग के अवसर खुलते हैं।

हम सोचते बहुत हैं और महसूस बहुत कम करते हैं।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## आमने-सामने से टकराई ट्रेनें




***सैंटियागो।*** *चिली की राजधानी सैंटियागो में गुरुवार को परीक्षण के दौरान यात्रियों से भरी एक ट्रेन की अन्य ट्रेन से आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें एक डिब्बा दूसरी ट्रेन के डिब्बे के ऊपर पूरी तरह से चढ़ गया था। इसमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। नौ घायलों में चार चीनी नागरिक शामिल हैं, जिनका चिली के सैन बर्नार्डो में दुर्घटना स्थल के पास के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।*

### श्रीलंका पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर

# द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर जोर

**एजेंसी** | कोलंबो

भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर अपने लगातार दूसरे कार्यकाल की अपनी पहली विदेश यात्रा पर गुरुवार को श्रीलंका की राजधानी कोलंबो पहुंचे। उनका कोलंबो में जोरदार स्वागत किया गया।

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह यात्रा भारत की 'पड़ोसी पहले नीति' के तहत है और श्रीलंका को लगातार अपने निकटतम समुद्री पड़ोसी के रूप में देखती है। विदेशमंत्री जयशंकर ने कोलंबो पहुंचने के दो फोटो अपने एक्स हैंडल पर साझा किए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि एस. जयशंकर की यह यात्रा दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी परियोजनाओं और अन्य क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी होगी।

उल्लेखनीय है कि जयशंकर पिछले सप्ताह इटली के अपुलिया क्षेत्र में आयोजित जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे।



### श्रीलंका के राष्ट्रपति से की मुलाकात



विदेश मंत्री एस जयशंकर और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने संयुक्त रूप से भारत के 6 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान से बने समुद्री बचाव समन्वय केंद्र का उद्घाटन किया। जयशंकर ने यहां राष्ट्रपति विक्रमसिंघे से मुलाकात की। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग, विशेष रूप से बिजली, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, बंदरगाह बुनियादी ढांचे, विमानन, डिजिटल, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा और पर्यटन क्षेत्र में आगे बढ़ने के रास्ते पर चर्चा की और विभिन्न द्विपक्षीय परियोजनाओं और पहलों पर हुई प्रगति की सराहना की।

### रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन राजकीय यात्रा पर पहुंचे वियतनाम

# रूस और वियतनाम के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर

**एजेंसी** | हनोई


रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को अपने वियतनामी समकक्ष टो लैम के साथ कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। यह राजकीय यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब मास्को यूक्रेन में अपनी सैन्य कार्रवाइयों के कारण बढ़ते अंतरराष्ट्रीय अलगाव की भरपाई के लिए एशिया में संबंधों को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है।



दोनों देशों ने शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, तेल और गैस अन्वेषण तथा स्वास्थ्य पर सहयोग बढ़ाने के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए। वे वियतनाम में परमाणु विज्ञान और प्रौद्योगिकी केंद्र के लिए रोडमैप पर काम करने के लिए भी सहमत हुए।

वार्ता के बाद पुतिन ने कहा कि दोनों देश एशिया-प्रशांत क्षेत्र में एक विश्वसनीय सुरक्षा संरचना विकसित करने में रुचि रखते हैं, जो बल का प्रयोग न करने और बंद सैन्य-राजनीतिक गुटों के लिए कोई जगह न रखते हुए विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने पर आधारित हो। वियतनाम के राष्ट्रपति टो लैम ने भी यही बात दोहराते हुए कहा कि वे ऊर्जा परियोजनाओं को लागू करने और निवेश का विस्तार करते हुए गैर-पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए रक्षा और सुरक्षा में और अधिक सहयोग करना चाहते हैं। उन्होंने पुतिन को उनके फिर से चुने जाने पर बधाई दी और रूस की घरेलू राजनीतिक स्थिरता की प्रशंसा की। इसके बाद रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने वियतनाम के सबसे शक्तिशाली राजनेता, कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव गुयेन फु ट्रोंग और प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चीन्ह से भी मुलाकात की। उनका संसदीय प्रमुख ट्रान थान मान से भी मिलने का कार्यक्रम है। इससे पहले वियतनाम पहुंचने पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भव्य स्वागत किया गया। हनोई के नोई बाई हवाई अड्डे पर पर पुतिन के स्वागत के लिए रैंप पर लाल कालीन बिछाया गया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### किम जोंग ने पुतिन को उपहार में दिए दो पालतू कुत्ते



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को स्थानीय नस्ल के पुंगसान कुत्तों का एक जोड़ा उपहार में दिया गया। सरकारी मीडिया केसीएनए ने बताया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने प्योंगयांग में कुमसुसन गेस्टहाउस के बगीचे में भ्रमण किया, जहां गुलाब के एक बाड़े में दो कुत्ते बंधे हुए थे। इस दौरान रूसी राष्ट्रपति पुतिन और उत्तर कोरिया के नेता किम ने पालतू कुत्तों को प्यार भी किया।

### सऊदी में भीषण गर्मी

# 90 भारतीयों समेत 900 हाजियों की मौत

**एजेंसी** | रियाद

इस साल की हज यात्रा पर सऊदी अरब की भीषण गर्मी हाजियों के लिए बड़ी मुश्किल बनी है। गर्मी की वजह से हुई बीमारियों से अब तक 900 हाजियों की मौतें सऊदी अरब में हो चुकी हैं, इनमें भारत के भी 90 लोग शामिल हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया कि मरने वालों में सबसे अधिक मिस्र के नागरिक शामिल हैं। इसमें मिस्र के 600, इंडोनेशिया के 144, भारत के 90, जॉर्डन के 60 और पाकिस्तान के 35 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, सऊदी अरब ने आधिकारिक तौर पर मौतों का आंकड़ा जारी नहीं किया है।



हज की रस्मों के दौरान लापता हो गए हाजियों को ढूंढ़ने में भी उनके परिजनों को काफी मुश्किल आ रही है। लापता हज यात्रियों के परिजन अस्पतालों में अपने लोगों को ढूंढ रहे हैं। मक्का में तापमान 51.8C तक पहुंच जाने की वजह से यहां सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। इस साल हज में करीब 18 लाख लोग शामिल हुए। हाजियों की बड़ी संख्या में मौतों के पीछे बिना परमिट के आए यात्री, अव्यवस्था और बुजुर्गों के तेज गर्मी को ना सह पाना सबसे अहम वजह बन रही है।

सऊदी नेशनल सेंटर फॉर मेट्रोलॉजी के अनुसार, मक्का के आसपास के पवित्र स्थलों में चिलचिलाती धूप और दमघोंटू गर्म मौसम है। 50 से ज्यादा का पारा खासतौर से बुजुर्ग हाजियों के लिए असहनीय बन रहा है और वे गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर रहे हैं। हाजियों के लापता होने और ठीक से जगह और इलाज ना मिलने की बड़ी वजह बिना रजिस्ट्रेशन के आए लोग भी हैं। ऐसे लोगों को सरकार की ओर से की एयर कंडीशन व्यवस्था नहीं मिल पा रही है, इससे ये ज्यादा बीमार हो रहे हैं।

### रफाह में इजराइली सेना ने फिर किया अटैक

# 10 फिलिस्तीनी सुरक्षाकर्मियों की मौत



**एजेंसी** | गाजा

दक्षिणी गाजा पट्टी के रफाह शहर में इजराइली सेना के हमले में 10 फिलिस्तीनी सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। फिलिस्तीनी सुरक्षा एवं चिकित्सा सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि इजराइली विमानों ने रफाह के पूर्व में वाणिज्यिक ट्रकों पर रखे सामानों की सुरक्षा कर रहे सुरक्षाकर्मियों के एक समूह को निशाना बनाया। हमले में 10 फिलिस्तीनी सुरक्षाकर्मी मारे गए। घायलों को यूरोपीय गाजा अस्पताल में भर्ती कराया गया। इजराइली सेना ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl